सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114621/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152813/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNaND Jewels
Pandri, Raipur


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 2 जून 2026


## धमकाने वाले सीईओ पर गिरी गाज, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग जिले के थनौद गांव में आयोजित सुशासन तिहार के जनसमस्या निवारण शिविर में बहसबाजी के दौरान अभद्र व्यवहार करने के आरोप में जनपद के सीईओ रूपेश पांडे को शासन ने निलंबित कर दिया गया। शिविर में भाजपा नेता पुराण साहू और जनपद पंचायत सीईओ रूपेश कुमार पांडेय के बीच गांव की समस्याओं को लेकर तीखी बहस हुई थी। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर भी मौजूद थे। आरोप है कि शिकायतों पर चर्चा के दौरान सीईओ ने भाजपा कार्यकर्ता से अशिष्ट व्यवहार किया और धमकी भरे अंदाज में जवाब दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरा मुद्दा गरमा गया।



### नोटिस के बाद भी नहीं बच पाए सीईओ

वायरल वीडियो और शिकायतों के आधार पर प्रशासन ने सीईओ रूपेश पांडेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। हालांकि उनके जवाब को संतोषजनक नहीं माना गया। जांच में प्रथम दृष्टया कर्तव्य में लापरवाही और आम नागरिकों के प्रति अनुचित व्यवहार सामने आने के बाद दुर्ग संभाग आयुक्त ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### मुख्यमंत्री की दो टूक : जनता से अशिष्ट व्यवहार किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं

सुशासन तिहार 2026 में आम जनता से अशिष्ट व्यवहार और कर्तव्य में



लापरवाही बरतने के आरोप को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दुर्ग संभागायुक्त को दिए थे। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशों के परिपालन में कमिश्नर दुर्ग ने सस्पेंड कर दिया।

## बेमेतरा मामले में सीएम सचिवालय ने लिया संज्ञान, कमिश्नर करेंगे जांच, तीन को नोटिस

*विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने व्यवस्था को लेकर जताई थी नाराजगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में बेमेतरा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था की जांच कमिश्नर करेंगे। श्री साय ने कहा कि उन्होंने कमिश्नर को जांच के लिए कहा है। सीएम सचिवालय ने संज्ञान लेते हुए तीन अफसरों को नोटिस भी जारी किया है। इनमें स्वागत व्यवस्था, प्रोटोकाल और पंडाल की व्यवस्था संभालने अफसरों से जवाब मांगा गया है। गौरतलब है, 31 मई को बेमेतरा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का गुस्सा खुलकर सामने आया। डॉ. रमन ने कहा कि मुख्यमंत्री के पद की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम की तैयारी नहीं की गई।

### मुख्यमंत्री ने बारिश को बताया वजह

डॉ. रमन सिंह की नाराजगी के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे घटनाक्रम पर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, कार्यक्रम में 23 जोड़ों का विवाह संपन्न होना था, लेकिन अचानक तेज बारिश के कारण सारी व्यवस्थाएं प्रभावित हो गईं। समय कम होने के कारण उनके निर्देश पर कार्यक्रम को पुराने विश्राम गृह के सभा कक्ष में स्थानांतरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की



गई। सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना, बंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, पंजाब हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली हैं।

### अन्नाद्रमुक की हार से दुखी पदाधिकारी ने की आत्महत्या

**तंजावुर।** तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक की लगातार चुनावी हार से दुखी पार्टी के 32 वर्षीय पदाधिकारी ने तंजावुर जिले के तिरुप्पंदाल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान के. ए. एस. महेंद्रन के रूप में हुई है। वे ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम तंजावुर पूर्व व्यापार शाखा के संयुक्त सचिव के रूप में काम कर रहे थे।

### अभिषेक के सीआईडी के समक्ष पेश होने की संभावना नहीं

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सोमवार को पश्चिम बंगाल सीआईडी के समक्ष



पेश होने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा सचिवालय को पार्टी विधायकों के कथित फर्जी हस्ताक्षरों का इस्तेमाल करके सौंपे गए एक पत्र के मामले की जांच के सिलसिले में जांच एजेंसी ने डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी को तलब किया है।

### टेंपो के पलटने से बाइक सवार दो की मौत

**खरगोन।** मप्र के खरगोन जिले में सोमवार सुबह एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के तीन में से दो सदस्यों की मौत हो गई। इस हादसे में एक मोटर साइकिल सवार के अलावा टेंपो में सवार 16 लोग घायल हो गए। इनमें तीन गंभीर हैं।

### ईडी ने तीन प्रोविजनल आदेश जारी कर अनवर ढेबर, राहुल अग्रवाल, विकास, विजय अग्रवाल की संपत्ति अटैच की

# शराब घोटाले के पैसों से गोवा में खरीदे 110 करोड़ के होटल समेत 200 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईडी द्वारा जारी बयान के अनुसार ईओडब्ल्यू, एसीबी द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच से पता चला है कि अनवर ढेबर और रिटायर्ड आईएएस अनिल टूटेजा के नेतृत्व में एक शराब सिंडिकेट ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों, डिस्टिलरी मालिकों और निजी संस्थाओं के साथ मिलकर 2019 से 2023 के बीच छत्तीसगढ़ उत्पाद शुल्क मशीनरी में व्यवस्थित रूप से हेरफेर कर शराब घोटाला किया। शराब की खरीद दरों में कृत्रिम वृद्धि, बेहिसाब शराब के गुप्त निर्माण और पसंदीदा संस्थाओं को दिए गए एफएल-10 ए लाइसेंस के माध्यम से कमीशन की निकासी के माध्यम से 2 हजार 883 करोड़ रुपए का घपला किया।

**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के चर्चित शराब घोटाले की कमाई से खरीदी गई दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अटैच की है। रायपुर जोनल कार्यालय ने तीन प्रोविजनल आर्डर (पीओ) जारी कर संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई की है। इनमें शराब घोटाले की कमाई से गोवा में खरीदे गए 110 करोड़ रुपए का होटल प्रमुख है। ईडी ने अब तक शराब घोटाला में 1 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अटैच कर चुकी है।**

*अनवर ढेबर के रायपुर स्थित ढेबर सिटी होम्स के नाम से शेल कंपनियों के नाम खरीदी बेनामी संपत्ति अटैच*

### शराब घोटाले में चार नए आरोपी

ईडी ने विशेष अदालत के समक्ष अपनी छठी अनुपूरक अभियोजन शिकायत भी दायर की है, जिसमें चार नए आरोपियों को दोषी ठहराया गया है। जिन चार लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें विजय भाटिया जिसके पास सिंडिकेट से करीबी संबंध रखने वाला व्यवसायी, जिसके पास मेसर्स ओम साई ब्रेवरेजेज में 52.5% बेनामी हिस्सेदारी थी, टी. भुनेश्वर राव, प्रोबीर शर्मा जिन्होंने सिंडिकेट की ओर से करोड़ों रुपए नकद में स्थानांतरित करने का काम किया था तथा निखिल चंद्राकर का नाम शामिल है। इस तरह से शराब घोटाला में आरोपियों की संख्या 81 से बढ़कर 85 हो गई है।

*मेसर्स ओम साई ब्रेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते, शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त*




### शराब घोटाला से जुड़े इन लोगों की संपत्ति अटैच

**पहला पीएओ :** विकास अग्रवाल और अनवर ढेबर के संबंध में अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है। विकास अग्रवाल सिंडिकेट के जमीनी स्तर के वित्तीय प्रबंधक के रूप में काम करता था, डिस्टिलरी और एफएल -10 ए लाइसेंसधारियों से कमीशन इकट्ठा करता था और सीधे अनवर ढेबर को फंड भेजता था। विकास अग्रवाल के परिवार के सदस्यों के नाम पर मौजूद संपत्तियों को उनके अपराध की आय के बराबर मूल्य के रूप में संलग्न किया गया है।

**अनवर ढेबर की बेनामी संपत्ति :** ढेबर सिटी होम्स, रायपुर में कई भूखंड उसके लाभकारी नियंत्रण वाली एक फर्म मेसर्स ए. ढेबर बिल्डकॉन के माध्यम से खरीदी संपत्ति और रायपुर में पांच भूमि पार्सल जिसे शेल कंपनी मेसर्स शाइनिंग स्टार बिल्डकॉन, मेसर्स मूनलाइट रियल एस्टेट, मेसर्स स्वर्ण इंफ्रा बिल्ड और मेसर्स जय गुरुदेव इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से खरीदी थी, उसे अटैच किया है। अटैच संपत्ति की कुल कीमत लगभग 30 करोड़ रुपए है।

**दूसरा पीएओ :** उत्तरी गोवा स्थित अंजुना में होटल वेस्टिन गोवा को ईडी ने कुर्क किया है, जो मेसर्स पैसिफिक होटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर एक प्रीमियम होटल है। होटल के जायरेक्टर राहुल अग्रवाल और विजय कुमार अग्रवाल हैं। जांच से पता चला कि होटल को घोटाले की ▶▶|शेष पेज 7 पर

### हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## बरी होने मात्र से पूरे बकाया वेतन का अधिकार नहीं मिलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी कर्मचारी को आपराधिक मामले में दोषसिद्धि के आधार पर सेवा से बर्खास्त किया गया हो और बाद में वह अपील में बरी हो जाए, तो केवल बरी होने के आधार पर उसे बर्खास्तगी की अवधि का पूरा बकाया वेतन पाने का स्वतः अधिकार नहीं मिल जाता। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में काम नहीं तो वेतन नहीं का सिद्धांत लागू होगा। इन टिप्पणियों के साथ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कर्मचारी की अपील खारिज कर दी और बकाया वेतन की मांग स्वीकार करने से इनकार किया। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवीन्द्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सिंगल बेंच ने भी खारिज की थी याचिका

दोषसिद्धि के खिलाफ कर्मचारी ने हाईकोर्ट में अपील दायर की। इस दौरान वह रिटायरमेंट की आयु भी पूरी कर चुका था। बाद में हाईकोर्ट ने उसकी दोषसिद्धि रद्द करते हुए उसे आरोपों से बरी किया। इसके बाद विभाग ने बर्खास्तगी का आदेश वापस ले लिया और उसे काल्पनिक रूप से सेवा में बहाल माना लेकिन बर्खास्तगी से लेकर सेवानिवृत्ति तक की अवधि का वास्तविक वेतन और अन्य आर्थिक लाभ देने से इनकार कर दिया। कर्मचारी ने इस निर्णय को चुनौती दी लेकिन सिंगल बेंच ने उसकी याचिका खारिज की। पुनर्विचार याचिका भी असफल रहने पर उसने खंडपीठ का रुख किया।

### जेईई एडवांस्ड 2026

## शुभम ने हासिल की पहली रैंक लड़कियों में अरोही शीर्ष पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) 2026 के नतीजे सोमवार को घोषित हुए, जिसमें दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक हासिल करके शीर्ष स्थान प्राप्त किया जबकि लड़कियों में अरोही देशपांडे ने बाजी मारी। जेईई (एडवांस्ड) 2026 में कुल 56,880 अभ्यर्थी सफल हुए, जिनमें 10,107 छात्राएं और 46,773 छात्र शामिल हैं। परीक्षा में शामिल हुआ इकलौता 'थर्ड जेंडर' छात्र सफल नहीं हो सका। दिव्यांग श्रेणी में 3,052 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 2,864 ने दोनों पेपर दिये और 887 सफल रहे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की द्वारा जारी परिणाम आंकड़ों के अनुसार 1,87,389 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1,79,694 अभ्यर्थियों ने 17 मई को आयोजित जेईई 2026 के दोनों पेपर दिए।





### आज होगा विभागों का बंटवारा

## बंगाल में 35 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलकाता

भाजपा विधायक स्वपन दासगुप्ता, तापस रॉय और शंकर घोष उन 35 विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल के विस्तार के तहत सोमवार को मंत्री पद की शपथ ली। राज्य में पहली भाजपा सरकार की विस्तारित मंत्रिपरिषद में भौगोलिक, जातीय और लैंगिक आधार पर सावधानीपूर्वक संतुलन स्थापित किया गया है। राज्यपाल आर. एन. रवि ने लोक भवन में शपथ दिलाई।

### मुख्यमंत्री समेत 41 मंत्री

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के अलावा पांच कैबिनेट मंत्रियों ने पहले ही 9 मई को शपथ ली थी। मंत्रिपरिषद के सदस्यों की कुल संख्या वर्तमान में 41 है, जो 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा में संविधान द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा 44 से तीन कम है। मंत्रिपरिषद के सदस्य समाज के विभिन्न वर्गों से हैं। मंत्रियों में डॉक्टर, शिक्षाविद् और पत्रकार शामिल हैं।

## साय बोले-वर्षों तक विकास से वंचित रहे क्षेत्र में लिखी जा रही विकास की नई गाथा

*सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री विष्णु देव पहुंचे अबूझमाड़ के ग्राम पंचायत गारपा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड स्थित अबूझमाड़ अंचल की ग्राम पंचायत गारपा में आयोजित जनचौपाल में पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं उत्साह के साथ उनका भव्य स्वागत किया। जनचौपाल में मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं, विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### गांवों के नजदीक पहुंच रही सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से नक्सलवाद में आई कमी और क्षेत्र में स्थापित हो रही शांति के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पहले उन्हें राशन प्राप्त करने के लिए लगभग 40 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, जिसमें कई दिन लग जाते थे। अब शासन की पहल से सुविधाएं गांवों के नजदीक पहुंच रही हैं और लोगों को बड़ी राहत मिल रही है।

### सीएम ने दी कई सौगातें

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने ग्राम गारपा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तुमेराड़ी में दो पुलियों के निर्माण, गारपा में एक किलोमीटर आंतरिक सीसी सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र गारपा में बाउंड्रीवाल निर्माण, उप स्वास्थ्य केंद्र से राजकुमार के खेत तक एक किलोमीटर सड़क निर्माण, मसपुर में मुख्य मार्ग से गुडरापारा तक एक किलोमीटर सड़क निर्माण तथा आश्रम शाला गारपा में बाउंड्रीवाल निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गारपा में पुलिस थाना खोलने की भी घोषणा की।

### पेंड्रा में हत्या और लूट के मामले में बड़ी सफलता

## सराफा व्यापारी की हत्या में शामिल संदिग्ध हिरासत में, बिहार के दो साथियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

पेंड्रा सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर 60 लाख के जेवर लूट के मामले में जीपीएम पुलिस को अहम सुराग मिला है। बिलासपुर सीपत बिटकुला के एक दिव्यांग युवक खुशीराम साहू पिता जगन्नाथ राम साहू 58 साल बिटकुला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है उसके पास से लूट के चांदी के जेवर भी बरामद कर किए गए हैं। शीघ्र ही पुलिस ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप


व्यापारी को गोली मारकर हत्या, जेवर से भरा बैग लेकर भागे तीन नकाबपोश

साप्ताहिक बाजार में वारदात से मचा हड़कंप

चौक पर लाश रखकर चक्काजाम

### खम्हरिया में किराए से रह रहा था

संदेही दिव्यांग अपना घर छोड़कर अकेले खम्हरिया में किराए के मकान में रह रहा था वह आसपास के सप्ताहिक बाजार में जाकर सोना चांदी बेचने वालों की रेकी करता था। उसके बाद बिहार, झारखंड से अपने साथियों को बुलाकर लूट, उठाईगीरी की वारदात को अंजाम देता था।

### बिहार झारखंड से आए थे दो लुटेरे

खबर है संदिग्ध दिव्यांग युवक ने सराफा व्यापारी की रैकी करने के बाद बिहार झारखंड से दो बदमाशों को बुलाया था। उसके बाद उनके साथ मिलकर हत्याकांड व लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने झारखंड बिहार में दबिश देकर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### पार्श्व गायिका सुमन ने छत्तीसगढ़ी फिल्म 'घर द्वार' में गाने को दी थी आवाज

## सुन-सुन मोर मया, पीरा के संगवारी रे... को सुर देने वाली सुमन ने दुनिया को कहा अलविदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई / रायपुर

प्रख्यात पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर का 89 वर्ष की आयु में रविवार रात निधन हो गया। 'रहें न रहें हम...' गीत की मार्मिक धुनों के बीच सुमन कल्याणपुर का सोमवार को यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। लता मंगेशकर और आशा भोसले की समकालीन रहीं सुमन कल्याणपुर को वह पहचान और सम्मान शायद कभी पूरी तरह नहीं मिल पाया, ▶▶|शेष पेज 7 पर



### रहें न रहें हम, महका करेंगे...गाकर दी अंतिम विदाई

सांताक्रूज श्मशान घाट में उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया और मुंबई पुलिस के जवानों ने उन्हें औपचारिक सलामी दी। उनकी बेटी चारू ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। चिता को अग्नि दिए जाने के दौरान परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने 1966 की फिल्म 'ममता' का यादगार गीत 'रहें न रहें हम, महका करेंगे' गाकर दिग्गज गायिका को अंतिम विदाई दी।

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय संगीत को समृद्ध बनाने वालीं सुमन कल्याणपुर का निधन भारतीय कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन ने देश के सांस्कृतिक जगत को समृद्ध किया। मोदी ने पोस्ट में कहा, लोकप्रिय गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन से दुखी हूं।

# 'सीबीएसई ने खास वेंडर के लिए बदले नियम'

## ओएसएम विवाद : राहुल ने उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



12वीं क्लास की कॉपी चेकिंग को लेकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) बुरी तरह घिरा हुआ है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी तीखे सवालों के साथ सीबीएसई की घेराबंदी की। उन्होंने बोर्ड के ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) की टेंडर प्रक्रिया पर सवाल दागे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि 12वीं के छात्रों की कॉपी मोबाइल फोन से स्कैन की गई। जबकि पहले टेंडर की शर्त में स्कैन के लिए प्रोफेशनल एक्विपमेंट्स का होना जरूरी था। सीबीएसई ने अगस्त 2025 में दूसरा टेंडर निकाला, जिसमें जिसमें स्कैनर की कड़ी शर्तों को खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ये रियायत केवल एक खास वेंडर को टेंडर दिलाने के लिए की गई थी। नतीजतन, सीओईएमपीटी ईडीयू टेक नामक एजेंसी ने अच्छे स्कैनर के बजाय मोबाइल फोन से छात्रों की कॉपी स्कैन की।

### छात्र सार्थक ने भी उठाया है मुद्दा

31 मई को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 12वीं के उन छात्रों से बात की, जो सीबीएसई की कॉपी चेकिंग और उसकी कथित गड़बड़ियों को उजागर कर रहे हैं। एक छात्र सार्थक सिद्धांत ने भी सीबीएसई के सामने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने एक्स पर कॉपी स्कैन करने की क्वालिटी पर सीबीएसई से सवाल किए थे। राहुल गांधी सार्थक की सपोर्ट में उतरे और लंबे-चौड़े पोस्ट में सीबीएसई पर गंभीर सवाल किए। राहुल कहा कि पीएम मोदी के पास आम पर बात करने के लिए तो समय था, लेकिन उनके पास उन 18.5 लाख बच्चों के बारे में बात करने का टाइम नहीं था, जिनकी आंसर शीट मोबाइल फोन से स्कैन की गई थीं। कांग्रेस लीडर ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के मंत्री पद पर बने रहने पर भी आपत्ति जताई।

# 'कॉकरोच' फाउंडर 6 को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

## परीक्षा में गड़बड़ी : फॉलोअर्स से बोले- एयरपोर्ट पर मिलो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने कहा है कि वो 6 जून को भारत वापस आएंगे और दिल्ली में एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। उनकी मांग है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। वजह है परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियां, जिनसे लाखों छात्र परेशान हैं। अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने अपने समर्थकों और छात्रों से अपील की कि वो उनके साथ दिल्ली में आवाज उठाएं। उन्होंने वीडियो में कहा 'अब वक्त आ गया है कि हम सब एक साथ आएं. संविधान के रास्ते पर चलते हुए शांति से अपनी बात रखें और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करें. अगर हम मिलकर बोलेंगे तो सरकार को सुनना ही पड़ेगा।'

### यह कहा अभिजीत ने

अभजीत दिपके ने एक वीडियो संदेश जारी कर भारत लौटने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वे नीट परीक्षा विवाद और कथित पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर देश वापस आ रहे हैं। दिपके ने दावा किया कि नीट परीक्षा से जुड़े विवादों के कारण लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर बड़ी संख्या में छात्रों और युवाओं ने उनका समर्थन किया है। उनके अनुसार, शिक्षा व्यवस्था में हुई कथित गड़बड़ियों के लिए जवाबदेही तय होना जरूरी है और किसी न किसी को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर एक ऑनलाइन याचिका को लाखों लोगों का समर्थन मिला है। साथ ही, देश के विभिन्न हिस्सों में छात्रों और युवाओं द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ममता का बड़ा एक्शन अपने दो विधायकों को किया सस्पेंड

**कोलकाता।** विधायक ऋतोब्रता बनर्जी और संदीपान साहा को तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। ऋतोब्रता बनर्जी उलुबेरिया पूर्व से विधायक हैं और संदीपान साहा एंटाली से टीएमसी के विधायक हैं। टीएमसी का यह आदेश मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के राज्य सचिवालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कहने के कुछ मिनट बाद आया कि दोनों ने राज्य विधानसभा में 'नकली हस्ताक्षर' मामले के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी।

### विस्फोटकों से भरी इमारत उड़ी, 55 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** म्यांमार के पूर्वोत्तर इलाके में रविवार को हुए एक भीषण धमाके में कम से कम 55 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए। धमाका एक ऐसी इमारत में हुआ जहां खनन कार्यों में इस्तेमाल होने वाले भारी मात्रा में विस्फोटक रखे गए थे। यह हादसा नामखाम टाउनशिप के कौंगटुप गांव में दोपहर के करीब हुआ। यह इलाका चीन की सीमा से लगभग तीन किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। फिलहाल ता'आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) के नियंत्रण में है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई कंप्यूटर आधारित टेस्ट की मांग

# ऑफलाइन मोड में ही होगी 21 जून को फिर से होने वाली नीट परीक्षा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

21 जून को दोबारा होने जा रही नीट यूजी परीक्षा को पेन-पेपर की बजाय कंप्यूटर आधारित करवाने की मांग पर विचार से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह की याचिका में रखी गई मांग को कोर्ट ने अव्यवहारिक माना। कोर्ट ने कहा कि उसने नीट से जुड़ी बाकी याचिकाओं को जुलाई में सुनवाई के लिए लगाया है। इस याचिका को भी उनके साथ सुना जाएगा। याचिकाकर्ता के लिए पेश वकील ने 3 मई को हुए पेपर लीक का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि दोबारा होने जा रही नीट परीक्षा को ऑनलाइन मोड में करवाने से उसे साफ-सुथरा रखा जा सकेगा। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने नई परीक्षा में बहुत कम समय बाकी होने के आधार पर इस मांग पर विचार नहीं किया।

याचिका में रखी गई मांग को कोर्ट ने माना अव्यवहारिक

3 मई को हुए पेपर लीक के बाद मचा हुआ है बवाल




### अभी कोई आदेश देना सही नहीं होगा

कोर्ट ने परीक्षा अधिकारियों पर मौजूदा दबाव और व्यावहारिक दिक्कतों का हवाला दिया। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, 'हम पहले भी ऐसी याचिकाएं खारिज कर चुके हैं। परीक्षा रद्द होने के बाद उसके दोबारा आयोजन में प्रशासन के सामने वैसे ही दबाव और चुनौतियां हैं। ऐसे में अभी कोई आदेश देना सही नहीं होगा।'

### दूसरी याचिकाओं के साथ होगी सुनवाई

जजों का यह भी मानना था कि नीट परीक्षा में अब बहुत कम समय बचा है। ऐसे में पूरे देश में तुरंत कंप्यूटर आधारित परीक्षा की व्यवस्था बनाना मुश्किल होगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई के लिए टाल दी है। कोर्ट ने कहा है कि वह इस याचिका को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) में सुधारों से जुड़ी दूसरी याचिकाओं के साथ सुनेगा।

### पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया : सीबीआई

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षदकुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी। एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। इसी मामले में गिरफ्तार डॉ. मनोज शिरुरे, हर्षदकुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डॉ. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपए लिए थे। यह रकम उनकी बहन के घर से बरामद की गई थी।

## पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ के हुए एमओयू

# 5 लाख करोड़ का निवेश लक्ष्य, सैनी ने किया मेक इन हरियाणा पॉलिसी लॉन्च




हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गुरुग्राम में मेक इन हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लॉन्च किया। प्रदेश में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर लॉन्च की गई इस पॉलिसी के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। इसके साथ-साथ उन्होंने 9 नई सेक्टोरल पॉलिसी, एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल को भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लोगो का भी अनावरण किया। इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस नई पॉलिसी से उद्योग और सशक्त होंगे। निवेश प्रक्रिया सरल होगी और विकास के अवसर और अधिक व्यापक होंगे। इससे प्रदेश को एक नई दशा और दिशा मिलेगी। इस मौके पर गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, पटौदी विधायक बिमला चौधरी, नलवा विधायक रणधीर सिंह पनिहार मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि आज दुनिया के निवेश करने का तरीका बदल रहा है। आज उद्योग केवल इंसेंटिव ही नहीं देखते। वे इकोसिस्टम भी देखते हैं। वे पूछते हैं कि कौन सा राज्य तेजी से निर्णय ले सकता है? कौन सा राज्य भरोसा दे सकता है? कौन–सा राज्य लंबे समय तक ग्रोथ पार्टनर बन सकता है? यही वह क्षेत्र है, जहां हरियाणा नेतृत्व करने जा रहा है।

■ मुख्यमंत्री बोले- इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब है इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर

### मील का पत्थर : मंत्री सिंह

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आज का दिन हरियाणा के औद्योगिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता ने कहा कि आज हमने केवल पॉलिसी की शुरुआत होते हुए नहीं देखा है बल्कि सुनहरे हरियाणा के एक भविष्य की तस्वीर देखी है। एक ऐसी तस्वीर जो हरियाणा में औद्योगिक विकास को एक नई दिशा देने वाली है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पॉलिसी लॉन्च करना नहीं है बल्कि हरियाणा की नई सोच और नए अप्रोच को प्रस्तुत करने का अवसर है।

### इन कंपनियों ने किया एमओयू

एनटीएफ ग्रुप, औमोवियो, प्रोटेरियल, नेशनल आस्ट्रेलियन बैंक ग्लोबल इनोवेशन सेंटर, सुमितोमो कॉर्पोरेशन इंडिया, रिलायंस एमईटीएल, स्टार वायर, सात्विक ग्रप, ईंडिया सेल एलायंस, गौतम सोलर, वीनस रेमेडिस, वरूण बेवरेजिस, होरिजोन इंडस्ट्रिएल, अनंत राज, वैलसपम वन, स्टार सीमेंट, जीएलएस ग्रुप, एसएमटीए, करनाल फॉर्मा पार्क, यूनिवर्सल सक्सेस एनटरप्राइजेस, रैकबैंक, अंबर ग्रुप।




रायपुर
मंगलवार 2 जून 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीय
वर्ष : 24, अंक : 312
12+4+4+8 =28 मूल्य : 5.00**
मौसम
अधि. 38.9
न्यून. 27.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# छत्तीसगढ़ में शराब बनाने मैदान पर चौथा प्लेयर, पिकाडिली एग्रो महासमुंद में बनाएगी देशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब उत्पादन के कारोबार में एक चौथा प्लेयर भी आ गया है। पिकाडिली एग्रो इंड्रस्टीज लिमिटेड ने महासमुंद के बेल्टुकरी भोरिंग में अपना नया कारखाना शुरू किया है। राज्य सरकार ने इस डिस्टलरी को शराब बनाने का लाइसेंस दिया है। अब इस कंपनी से सरकार थोक में देशी शराब खरीदेगी। आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस डिस्टलरी के शुरू होने से राज्य में देशी की किल्लत दूर हो सकेगी। इधर राज्य सरकार ने शराब निर्माता कंपनियों को प्लास्टिक की बोतल में शराब सप्लाई करने के लिए एक माह की मोहलत और बढ़ा दी है।

## सरकार को थोक में करेगी सप्लाई, लैंडिंग प्राइज तय, प्लास्टिक की बोतल में शराब सप्लाई अगले माह से

खास खबर

### पिकाडिली के लिए लैंडिंग प्राइज तय

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने राज्य में देशी मदिरा (मसाला और प्लेन) की आपूर्ति के लिए नई थोक प्रदाय दरें (लैंडिंग प्राईस) निर्धारित कर दी हैं। यह निर्णय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि के लिए प्रभावी होगा, जिसके तहत महासमुंद जिले में स्थित मेसर्स पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आधिकारिक रूप से मदिरा प्रदाय करने की मंजूरी दी गई है। यह व्यवस्था प्लास्टिक की बोतलों में उपलब्ध मदिरा के लिए लागू की गई है।



### अब तक थे तीन उत्पादक

छत्तीसगढ़ में देशी शराब के कारोबार में तीन बड़े खिलाड़ी मौजूद थे, इनमें भाटिया, वेलकम और केडिया डिस्टरी के नाम शामिल थे। अब इसमें एक और चौथा खिलाड़ी पिकाडिली एग्रो इंड्रस्टीज के रूप मे सामने आ गया है। सूत्रों के अनुसार यह कंपनी ग्रेन यानी अनाज से देशी शराब का निर्माण करेगी। यहां चावल से शराब बनाए जाने की जानकारी मिली है।

### पिकाडिली के लिए लैंडिंग प्राइज तय

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने राज्य में देशी मदिरा (मसाला और प्लेन) की आपूर्ति के लिए नई थोक प्रदाय दरें (लैंडिंग प्राईस) निर्धारित कर दी हैं। यह निर्णय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि के लिए प्रभावी होगा, जिसके तहत महासमुंद जिले में स्थित मेसर्स पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आधिकारिक रूप से मदिरा प्रदाय करने की मंजूरी दी गई है। यह व्यवस्था प्लास्टिक की बोतलों में उपलब्ध मदिरा के लिए लागू की गई है।

### ये है थोक दर

स्वीकृत दरों के अनुसार, 750 मिलीलीटर, 375 मिलीलीटर और 180 मिलीलीटर की पैकिंग के लिए प्रति पेटी अलग-अलग दरें तय की गई हैं। मसाला मदिरा के लिए 750 और 375 मिलीलीटर के पैक पर सीवीडी सहित दर 973.08 रुपये और प्लेन मदिरा के लिए 851.96 रुपये निर्धारित की गई है। इसी प्रकार, 180 मिलीलीटर के पैक के लिए मसाला मदिरा की दर 972.95 रुपये और प्लेन मदिरा की दर 851.96 रुपये प्रति पेटी तय की गई है।

### प्लास्टिक की बोतल के लिए एक माह का समय

इधर राज्य में देशी और अंग्रेजी शराब की बिक्री फाइबर( प्लास्टिक) की बोतल में बेचने का फैसला राज्य सरकार ने किया था। यह व्यवस्था अप्रैल 2026 से लागू करने की तैयारी थी। लेकिन यह व्यवस्था अब तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है। इसके पीछे वजह ये बताई जाती है कि शराब निर्माता कंपनियों का बोतल भराई का सिस्टम कांच की बोतल के लिए बना है। प्लास्टिक की बोतल में शराब भरने के दौरान प्लास्टिक की बोतल गिर जाती है। इसलिए बोतल भराई में अधिक समय लगता है। इसी वजह से उत्पादन में 80 प्रतिशत की कमी आई थी। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने 31 मई तक कांच की बोतल में ही सप्लाई को मंजूरी दी थी, लेकिन यह अवधि अब बीत चुकी है। अब भी प्लास्टिक की बोतल में सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसे देखते हुए सरकार ने शराब कंपनियों को एक माह का समय और दिया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू से सीडीएस जनरल ने की मुलाकात



**नई दिल्ली।** नव नियुक्त प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में मुलाकात की एक तस्वीर साझा की। पोस्ट में कहा गया, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने अपनी पत्नी महालक्ष्मी सुब्रमणि के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

### दो अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार, आठ कारें बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विभिन्न इलाकों से लग्जरी कारें चुराकर उन्हें पंजाब और राजस्थान में बेचने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के आठ वाहन बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान पंजाब निवासी मनिंदर सिंह (32) और हरजोत सिंह (33) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का हिस्सा थे, जो दिल्ली में लग्जरी कारों को निशाना बनाते थे और उन्हें अमृतसर, चंडीगढ़ और जयपुर जैसे शहरों में बेचते थे।

### बस से टकराने से कार सवार दो युवकों की मौत



**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में कानपुर-अलीगढ़ राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार एक मिनी बस से टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त विशाल सिंह (33) और अंबर कटियार (35) के रूप में हुई है।

### पॉश इलाके में चार ने की आत्मदाह की कोशिश

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में वीआईपी इलाका माने जाने वाले गोल्फ क्लब चौराहे पर सोमवार को चार लोगों ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह की कोशिश की। औरैया के रहने वाले मुकेश सैनी, कानपुर के रहने वाले नितिन श्रीवास्तव, और गोंडा के रहने वाले ज्ञानेंद्र रावत और अभिषेक सिंह ने पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 40 मिनट पर गोल्फ क्लब चौराहे पर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें ऐसा करने से रोक लिया।

## पाटेश्वर धाम विवाद : मांगों पर देर रात तक अड़े रहे, दिया धरना

# सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टोरेट घेरा, बैरिकेड्स तोड़ घुसे प्रदर्शनकारी

*जामड़ी पाटेश्वर धाम के विरोध और अपनी मांगों को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने सोमवार को कलेक्टोरेट का घेराव किया। आक्रोशित आंदोलनकारी बैरिकेड्स तोड़ कर कलेक्टर परिसर में घुस गए। इसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन चलाई और स्थिति को नियंत्रित किया। देर रात तक प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कुछ दिन पूर्व सर्व आदिवासी समाज द्वारा अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर परिसर का घेराव करने की चेतावनी दी गई थी। सोमवार को सर्व आदिवासी समाज द्वारा आदमाबाद के पास धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। इसके बाद सर्व आदिवासी समाज के हजारों की संख्या में पहुंचे सदस्य कलेक्टोरेट घेराव के लिए निकले। आंदोलन के कारण पुलिस ने कलेक्टर परिसर से दूर एक तथा कलेक्टोरेट के गेट के पास दूसरा बैरिकेड्स लगाया गया था। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा फायर ब्रिगेड के साथ पानी के मदद से प्रदर्शनकारियों ▶▶ शेष पेज 7 पर

**प्रदर्शनकारी को रोकने पुलिस को चलानी पड़ी वाटर कैनन**

### सड़क पर उतरा सर्व आदिवासी समाज, भारी बवाल





**प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी**

प्रदर्शन के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। बड़ी संख्या में लोग लाउडस्पीकर और माइक के साथ कलेक्टर कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और लगातार प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व संबोधन करते रहे। प्रदर्शनकारी कलेक्टर से सीधे मुलाकात कर अपनी मांगों पर चर्चा करने की मांग कर रहे थे।

### क्या है मामला

सर्व आदिवासी समाज जमाड़ी पाटेश्वर धाम पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। सर्व आदिवासी समाज का आरोप है कि आदिवासी समाज के लोगों को मंदिर में नहीं जाने दिया जाता। गांव के विकास के लिए जो भी शासन प्रशासन स्तर पर आता है, उसे पाटेश्वर धाम में लगा दिया जाता है, जिसके कारण गांव के विकास के लिए कोई राशि नहीं बचती। ग्रामीणों का कहना है कि पाटेश्वरधाम गांव की जमीन पर बना है। आदिवासी समाज के पाट पहाड़, जिसमें समाज के देवता हैं, उसे भी भी कब्जे में कर लिया गया है। इसलिए सर्व आदिवासी समाज जमाड़ी पाटेश्वर धाम पर लगातार कार्रवाई की मांग कर रहा है।



### परिसर में बनाया भोजन आंदोलन जारी रखा

आक्रोशित प्रदर्शनकारी पुलिस की बैरिकेडिंग पार कर कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच गए और अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में ही चूल्हा जलाकर भोजन तैयार किया और वहीं पर खाना खाकर आंदोलन जारी रखा। समाज के लोगों ने पाटेश्वर धाम मामले में कार्रवाई तथा अपनी मांगों के निराकरण की मांग की। मौके पर प्रशासन और पुलिस बल तैनात रहा।

## सट्टे का कारोबार उजागर नोट गिनने की मशीन समेत 32 लाख बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

साइबर थाना और खरसिया चौकी की संयुक्त टीम ने क्रिकेट सट्टा खिलाने के आरोप में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 32 लाख रुपए नकद, दो मोबाइल और एक नोट गिनने की मशीन बरामद की है। मामले में तीन अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। वे फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस को गंज बाजार क्षेत्र में आईपीएल फाइनल मुकाबले पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान गगन अग्रवाल और शुभम अग्रवाल को हिरासत में लिया गया। ▶▶ शेष पेज 7 पर

■ **दो आरोपी गिरफ्तार**

### पहले भी आ चुका है गगन का नाम

प्रारंभिक जांच में यह राशि क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़ी होने की पुष्टि होने पर उसे जब्त कर लिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गगन अग्रवाल का नाम पहले भी ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मामले में सामने आ चुका है। इसी वर्ष मार्च में चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई में भी उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## जून महीने की शुरुआत में महंगाई का लगा झटका, थोड़ी राहत भी

# कमर्शियल और छोटा सिलेंडर महंगा, विमान ईंधन सस्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जून महीने की शुरुआत ईंधन उपभोक्ताओं के लिए मिले-जुले संकेत लेकर आई है। एक ओर, कमर्शियल गैस सिलेंडर और 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए हैं, जिससे होटल, रेस्तरां और आम उपभोक्ताओं की लागत बढ़ सकती है। दूसरी ओर, अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन्स को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि उनके लिए इस्तेमाल होने वाला एविएशन टर्बाइन फ्यूल 27 फीसदी सस्ता हो गया है। होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाली वाणिज्यिक द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कीमत 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर सोमवार को 42 रुपए बढ़ा दी गई लेकिन घरों में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया।

**घरों में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस की दरों में कोई बदलाव नहीं**

### जून में ये भी बड़े बदलाव

- ▶▶ मारुति सुजुकी के अलग-अलग मॉडलों पर कार की कीमतों में अधिकतम 30,000 रुपए तक की बढ़ोतरी
- ▶▶ एचडीएफसी के करंट अकाउंट में लिमिट तय, अधिक कैश जमा पर 2 फीसदी का एक्स्ट्रा चार्ज लगेगा
- ▶▶ सोलर पैनल के लिए अप्रूव्ड मॉडल और मैन्युफैक्चरर लिस्ट मान्य होगी। इसके लागू होने से सरकारी स्कीम्स और अन्य तमाम सब्सिडी वाले प्रोजेक्ट्स में उन्हीं सोलर मॉड्यूल और सेल का इस्तेमाल करना होगा, जो इस लिस्ट में शामिल होंगे
- ▶▶ अब किसी भी ऑनलाइन पेमेंट प्रोवाइडर प्लेटफॉर्म के जरिए यूपीआई ट्रांजैक्शन करते समय पिन सब्मिट करने से पहले संबंधित व्यक्ति का बैंक खाते में दर्ज नाम दिखाई देगा, जिससे गलत अकाउंट में पैसे ट्रांसफर नहीं हो सकेंगे।

### फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर 821.50 रुपए

सिर्फ बड़े कमर्शियल सिलेंडर ही नहीं, बल्कि 5 किलो वाला फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर भी महंगा कर दिया गया है। इसकी कीमत में 11 रुपए की बढ़ोतरी हुई है और अब यह 821.50 रुपए में मिलेगा। यह छोटा और पोर्टेबल सिलेंडर छात्रों, किराए पर रहने वाले लोगों और प्रवासी कामगारों के बीच काफी लोकप्रिय है। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए यह बढ़ोतरी सीधे घरेलू बजट पर असर डाल सकती है। हालांकि राहत की बात यह है कि 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए, ठप हुआ काम

## नायब तहसीलदार से अभद्रता, प्रदेशभर में कलमबंद-कामबंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सोमवार से तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। यह आंदोलन सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित राजापुर उप तहसील में नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ कथित मारपीट और अभद्रता की घटना के विरोध में शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का आरोप है कि 27 मई की घटना के बाद भी मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इसके विरोध में पहले 29 मई को सांकेतिक अवकाश रखा गया था, लेकिन कार्रवाई न होने पर अब प्रदेशव्यापी कलमबंद, कामबंद और सामूहिक अवकाश का फैसला लिया गया है। हड़ताल से कई राजस्व सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिनमें ▶▶ शेष पेज 7 पर

■ **सचिव स्तरीय चर्चा कर समाधान निकालने के प्रयास**

### गिरफ्तारी की मांग पर अड़ा संघ

तहसीलदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष केके लहरे ने बताया कि सोमवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के बंगले में राजस्व सचिव शम्मी आबिदी के साथ तहसीलदार संघ की लगभग 4 घंटे तक बैठक चली। बैठक में तहसीलदार संघ ने कहा कि विधायक के परिजनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक तहसीलदार संघ द्वारा काम बंद कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी। केके लहरे ने बताया कि राजस्व सचिव ने कहा, एफआईआर हुई है, उस पर कार्यवाही जरूर होगी, लेकिन आप लोग हड़ताल समाप्त कर दीजिए। बावजूद ▶▶ शेष पेज 7 पर

# मांड नदी में मिला हाथी शावक का शव, डूबने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़



मई महीने के भीषण गर्मी का असर जंगल के सबसे बड़े जानवर हाथियों पर भी पड़ा है। जंगलों में पानी की कमी की वजह से हाथी गांवों में अपनी प्यास बुझाने आ रहे हैं। यह संयोग है या कुछ और, मई में हर छठवें दिन एक हाथी की जल समाधि बन गई है। यानी एक महीने में 5 हाथियों की मौत हो चुकी है। जितने हाथियों की मौत हुई है वह सभी शावक ही थे और सभी की मौत पानी में डूबने से ही हुई है। ऐसे में इसे लेकर अब कई तरह के सवाल खड़े होने लगा है। रविवार की रात भी ▶▶ शेष पेज 7 पर

■ **मई में हर छठवें दिन एक हाथी की बनी जल समाधि**

### प्यास बुझाने आया था हाथियों का दल

जानकारी के अनुसार गुरदा क्षेत्र के ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह करीब 9 बजे संगम नदी में एक हाथी शावक का शव पानी में तैरते देखा। घटना की सूचना वन विभाग और हाथी मित्र दल को दी गई। वन अमला मौके पर पहुंचा और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि शावक की मौत नदी पार करने या पानी में बह जाने के कारण हुई हो सकती है।

## पहले चरण में अधिकांश प्रावधान को दिया गया अंतिम रूप

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील में सुलझ गए 'बड़े मुद्दे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त पर हस्ताक्षर करने के करीब पहुंच गए हैं। इसकी ज्यादातर अहम बातें पहले ही तय हो चुकी हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई जब अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बातचीत के एक नए दौर के लिए नई दिल्ली पहुंचा है। चल रही बातचीत के बारे में गोयल ने कहा कि अमेरिकी टीम के सदस्य 2, 3 और 4 जून को होने वाली बैठकों से पहले ही भारत पहुंचना शुरू हो गए थे। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के अधिकांश प्रावधानों को अंतिम रूप दे दिया है।

### चार दिवसीय बैठक के लिए पहुंचा अमेरिकी दल

### अब व्यापार समझौते पर होगी बातचीत

मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पहला चरण संपन्न होने के बाद एक अधिक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में आगे की बातचीत शुरू की जाएगी। भारत और अमेरिका ने पिछले साल की शुरुआत में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में प्रयास शुरू किए थे। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय उत्पादों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद इसकी प्रगति बाधित हुई।




### तय हो चुके हैं सभी बड़े पॉइंट

भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर चल रही बातचीत के संबंध में मंत्री ने कहा, 'सभी मुख्य बिंदु तय हो चुके हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने हाल ही में कहा था कि 99% विवरण अंतिम रूप ले चुके हैं... मुझे पूरा भरोसा है कि हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त को जल्द से जल्द पूरा कर लेंगे। वह बोले, हम इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

### इधर, भारत, ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो गया है। गोयल ने कहा कि भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) वस्त्र, चमड़ा, प्लास्टिक, समुद्री उत्पाद, वाहन, खेल सामग्री और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों के घरेलू निर्यातकों को लाभ पहुंचाएगा। इसका कारण उन्हें प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में ओमान के बाजार में तरजीही पहुंच प्राप्त होगी। मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता आज (सोमवार) से प्रभावी हो रहा है। मुक्त व्यापार समझौते पर 18 दिसंबर, 2025 को मस्कट में हस्ताक्षर किए गए थे।

पं.रविशंकर शुक्ल विवि सहित प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों ने रजिस्ट्रेशन पोर्टल प्रारंभ कर दिया है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि ने पिछले सप्ताह ही अपना पोर्टल खोल दिया था, जबकि रविवि ने एक जून से रजिस्ट्रेशन पोर्टल प्रारंभ किया है।

## उच्च शिक्षा ने जारी नहीं की तिथि, विवि ने खोल दिया रजिस्ट्रेशन पोर्टल

### भटक रहे छात्रों के लिए राहत, अंतिम तिथि अभी निर्धारित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्वविद्यालय द्वारा रजिस्ट्रेशन पोर्टल प्रारंभ कर दिया गया है, लेकिन अंतिम तिथि निर्धारित नहीं की जा सकी है, क्योंकि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अब तक इस संदर्भ में कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बारहवीं कक्षा के परिणाम अप्रैल माह में ही जारी कर दिए गए थे। सीबीएसई ने भी मई माह में परिणाम जारी कर दिए थे। नतीजे घोषित होने के बाद से ही छात्र प्रवेश के लिए भटक रहे हैं।

#### अब तक शेड्यूल जारी नहीं

महाविद्यालयों में संपर्क करके भी छात्र प्रवेश तिथि के संदर्भ में जानकारी मांग रहे थे। इसके पश्चात निजी महाविद्यालय संघ ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से पोर्टल प्रारंभ करने की मांग की थी। लंबे इंतजार के बाद भी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किसी तरह का कोई शेड्यूल अब तक जारी नहीं किया जा सका है। ऐसे में विश्वविद्यालयों ने स्वतः ही रजिस्ट्रेशन पोर्टल प्रारंभ कर दिए हैं। चूंकि उच्च शिक्षा विभाग ने शेड्यूल जारी नहीं किया है, इसलिए विश्वविद्यालयों द्वारा आवेदन पोर्टल में अंतिम तिथि का जिक्र नहीं किया गया है।



#### ऐसी होगी प्रक्रिया

विश्वविद्यालयों द्वारा प्रारंभ किए गए आवेदन पोर्टल में छात्रों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद छात्रों को उस पाठ्यक्रम का संचालन करना होगा, जिसका वे अध्ययन करना चाहते हैं। पाठ्यक्रम का चयन करने पश्चात छात्रों को पांच महाविद्यालयों का चयन करना होगा। छात्रों के प्राप्तांकों के आधार पर उन्हें महाविद्यालयों का आवंटन किया जाएगा। छात्रों द्वारा जिन महाविद्यालयों का चयन किया जाएगा, उन कॉलेजों को उक्त विद्यार्थियों की सूची विवि सौंपेगा। विवि द्वारा सौंपी गई छात्रों की सूची के आधार पर महाविद्यालय मेरिट लिस्ट तैयार करेंगे।

#### एनईपी पाठ्यक्रम में प्रवेश

चूंकि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जा चुकी है, इसलिए दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को इसके अंतर्गत ही अध्ययन करना होगा। नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार सेमेस्टर आधार पर वर्ष में दो बार परीक्षाएं होंगी। स्नातक व स्नातकोत्तर दोनों ही कक्षाओं में यह पूर्व की तरह लागू रहेगा। विवि ने फिलहाल प्रथम वर्ष के लिए ही रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किए हैं। पोर्टल में रजिस्ट्रेशन के दौरान होने वाली समस्याओं के लिए समाधान के लिए छात्र विवि के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### खबर संक्षेप

#### लोईंग के ग्रामीण बैंक में आग, दस्तावेज खाक

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित लोईंग में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में रविवार की रात करीब साढे 9 अचानक भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और बैंक परिसर का अधिकांश हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार लोईंग बाजार मोहल्ला में मनोज प्रधान के मकान में बैंक की शाखा किराए पर संचालित हो रही है। मकान की ऊपरी मंजिल में मकान मालिक का परिवार और एक अन्य किरायेदार निवास करते हैं। करीब साढ़े नौ बजे बैंक के भीतर से धुआं उठता दिखाई दिया। धुआं देखकर ऊपर रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया और तत्काल इसकी सूचना बैंक प्रबंधन को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक प्रबंधक कुणाल कुमार ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची चक्रधर नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया। हालांकि तब तक आग बैंक के भीतर तेजी से फैल चुकी थी और बैंक का बड़ा हिस्सा जल चुका था। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

### हंगामे के बीच संजयनगर वार्ड में उपचुनाव, 69.74 फीसदी पड़े वोट

## निकाय चुनाव के दौरान भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं बीच बहसबाजी, धक्कामुक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम के तारबाहर क्षेत्र स्थित संजयनगर वार्ड 29 में उपचुनाव के तहत सोमवार को पार्षद पद के लिए चुनाव हुआ। चुनाव के दौरान भारी गहमागहमी और हंगामें के बीच लगभग 69.74 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें कुल 3665 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें पुरुषों की संख्या 1827 और महिलाओं की संख्या 1837 है। इसके अलावा अन्य एक ने मतदान किया। वहीं भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच वोटिंग के बीच जमकर नारेबाजी के साथ बहसबाजी और धक्कामुक्की भी हुई। तनाव की स्थिति न बन पाए इसलिए वोटिंग के आखिरी क्षण अतिरिक्त पुलिस बल बुलानी पड़ी। नगर निगम के कुल 70 वार्डों में एकमात्र वार्ड नंबर 29 संजयनगर वार्ड में पार्षद पद के लिए उपचुनाव हुआ। यहां वोटिंग के लिए कुल 8 बूथ बनाए गए थे, जिनमें से 6 बूथ आत्मानंद शासकीय स्कूल में और 2 बूथ प्राथमिक शाला घोड़ादाना में बनाए गए थे। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था और चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पार्षद स्व. शेख असलम के पुत्र मो. आजम खान एवं भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन राव तथा आम आदमी पार्टी प्रत्याशी शाहिल खान चुनाव लड़ रहे हैं।

■ मतदान के आखिरी समय में बुलाना पड़ा अतिरिक्त पुलिस बल



#### शिवनंदनपुर नगरीय चुनाव में 85.13 प्रतिशत मतदान

**बिश्रामपुर।** राज्यभर में कांग्रेस नेताओं के आंदोलन के बाद चर्चित हुई नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में सोमवार को हुए पहले निकाय चुनाव में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाम 5 बजे तक 85.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुलिस एवं प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नगर पंचायत में कुल 4,642 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 2,335 पुरुष और 2,307 महिला मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार शाम 5 बजे तक 1,991 पुरुष और 1,961 महिला, कुल 3,952 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हाल ही में निर्वाचन आयोग द्वारा कराए गए एसआईआर के बाद मतदाता सूची में सुधार हुआ है। मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम को सुरक्षा के बीच कन्या शाला स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। चुनाव परिणामों की घोषणा 4 जून को मतगणना के बाद की जाएगी। नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी, जबकि 15 वार्डों के पार्षद पदों के लिए 52 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

#### बस्तर में एक वोट के लिए पांच घंटे बैठा रहा मतदान दल

**जगदलपुर।** शहर से लगे ग्राम पंचायत धुरगुड़ा में पंच के एक रिक्त पद पर मतदान हुआ। पंचायत भवन के पीछे स्थित शासकीय आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल हाटगुड़ा के मतदान केंद्र में मात्र 76 मतदाता के लिए बूथ था। कुल 76 मतदाताओं में सुबह 10 बजे तक 3 घंटे में 74 मतदाताओं ने वोट डाल दिया था। अन्य गांव गई एक महिला दोपहर लगभग 1 बजे वोट देने पहुंची। तब तक 10 बजे से 1 बजे तक 3 घंटे तक मतदान दल इंतजार में खाली बैठे रहे। मैदान में 2 ही प्रत्याशी के बीच मुकाबला था जिसमें सीढ़ी छाप की प्रत्याशी भारती गोयल को 46 और रापा छाप वाली संगीता ठाकुर को 26 वोट मिले। जिसमें भारती 20 वोट से जीत कर पंच बनी।

#### बम्हनीडीह नपं के प्रथम चुनाव में 92 फीसदी मतदान

**जांजगीर-चाम्पा।** नवीन नगर पंचायत बम्हनीडीह में हुए पहले चुनाव में नगर पंचायत का अध्यक्ष और 15 पार्षद का चुनाव करने 92 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर पंचायत बम्हनीडीह में सोमवार 1 जून को मतदान हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ 15 पार्षदो ने लिए का चुनाव करने मतदाताओ ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया।

## दिव्यांग महिला कर्मचारी का 546 किमी दूर तबादला, हाईकोर्ट ने शासन से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत दिव्यांग महिला कर्मचारी का 546 किलोमीटर दूर तबादला कर दिया गया है। स्थानांतरण आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।याचिकाकर्ता वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग बिलासपुर में पदस्थ है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में बिलासपुर या किसी अन्य उपयुक्त निकटवर्ती स्थान पर समायोजित करने की मांग की है। राज्य शासन द्वारा जारी 30 मई 2026 स्थानांतरण आदेश को चुनौती देते हुए पूर्णिमा उपाध्याय ने अधिवक्ता सी. जयंत के. राव के जरिए छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है, वर्तमान में वह महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत हैं। राज्य शासन ने एक आदेश जारी कर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बिलासपुर के कार्यालय से एकीकृत बाल विकास परियोजना, बीजापुर में स्थानांतरित कर दिया है।



#### तय मापदंड व स्पष्ट नीति का उल्लंघन

याचिका में कहा गया कि सामान्य प्रशासन द्वारा 30 अगस्त 2010 को जारी परिपत्र के अनुसार विभाग में, शारीरिक रूप से अक्षम कर्मचारियों को आमतौर पर उनके गृह जिले या पास के किसी स्टेशन पर तैनात किया जाता है, ताकि उनकी विकलांगता से उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को कम किया जा सके। राज्य सरकार के तय मापदंड व स्पष्ट नीति के बावजूद, याचिकाकर्ता का तबादला बीजापुर जिले में कर दिया गया है, जो उनके वर्तमान पोस्टिंग स्थान से तकरीबन 546 किलोमीटर दूर स्थित है। इससे उन्हें गंभीर असुविधा और कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। याचिकाकर्ता को बिलासपुर या किसी अन्य उपयुक्त निकटवर्ती स्थान पर समायोजित करने की मांग याचिका में की गई है।

### ज्ञान भारत अभियान को मिली नई पहचान

## बड़ेकनेरा में 150 वर्ष पुरानी पांडुलिपियां, पहुंचे मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ज्ञान भारतम् अभियान के अंतर्गत जिले के ग्राम बड़ेकनेरा में संरक्षित लगभग 150 वर्ष पुरानी दुर्लभ पांडुलिपियों ने प्रदेश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ेकनेरा पहुंचकर इन प्राचीन पांडुलिपियों का अवलोकन किया तथा उनके संरक्षण में जुटे परिवारों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने ग्राम बड़ेकनेरा निवासी रामूराम यादव से मुलाकात कर उड़िया भाषा में लिखित लगभग 150 वर्ष पुरानी आठ प्राचीन पांडुलिपियों का अवलोकन किया। उन्होंने पांडुलिपियों के इतिहास, संरक्षण और उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी अमूल्य धरोहरें केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और ज्ञान–संपदा की जीवंत पहचान हैं।

■ सीएम साय ने किया प्राचीन ग्रंथों का अवलोकन

#### कई परिवारों ने पीढ़ियों से सहेज कर रखी हैं पांडुलिपियां

इस अवसर पर बड़े कनेरा के हरदू कश्यप, परमेश्वर मानिकपुरी, अमरावती के त्रिलोचन मानिकपुरी, पुरसोती राम मौर्य तथा कोपरा ग्राम के चमरू नाग ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपने पास सुरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों की जानकारी साझा की। संरक्षकों ने बताया कि ये पांडुलिपियां उनके दादा–परदादाओं के समय से परिवारों में संरक्षित हैं। और आज भी अत्यंत सावधानी एवं श्रद्धा के साथ सुरक्षित रखी जा रही हैं।

#### पंजी, पुराण और पंचांग जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं शामिल

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इन प्राचीन पांडुलिपियों में पंजीयार, पंजी, पुराण, पंचांग तथा चक्रकूट पंचांग जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथ शामिल हैं। इनका उपयोग पारंपरिक ज्ञान, धार्मिक अनुष्ठानों, ज्योतिषीय गणनाओं और सामाजिक परंपराओं के संरक्षण में किया जाता रहा है। मुख्यमंत्री ने इन ग्रंथों की विषय–वस्तु और उनके अध्ययन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली।

#### सांस्कृतिक विरासत बचाने में समाज की भागीदारी जरूरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां हमारी सांस्कृतिक पहचान और बौद्धिक विरासत की अमूल्य निधि हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी परिवार के पास ऐसी ऐतिहासिक पांडुलिपियां सुरक्षित हैं, तो उन्हें ज्ञान भारतम् अभियान से जोड़कर देश की ज्ञान परंपरा को संरक्षित करने में योगदान दें। बड़ेकनेरा की यह खोज केवल कुछ प्राचीन ग्रंथों की प्राप्ति नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, संस्कृति और इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

#### तालाब में डूबने से 3 वर्षीय बच्ची की मौत

**राजनांदगांव।** शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह एक 3 वर्षीय बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। शहर के बसंतपुर वार्ड क्रमांक 46 स्थित डबरी तालाब में आज सुबह लगभग 8.30 बजे के करीब 3 वर्षीय साहिमा की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बच्ची का घर तालाब के समीप ही है। बताया जा रहा है कि बच्ची खेलते-खेलते तालाब तक पहुंची थी। इस दौरान वह पानी में चली गई। इधर परिजन बच्ची की तलाश कर रहे थे, तब उसे तालाब से बरामद किया गया। इसके बाद बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## टीवी मसाला



# दूरदर्शन पर पहली बार टेलीकास्ट हुआ था ये कल्ट शो

**नई दिल्ली।** आज के दौर में लोग सिनेमाघर, ओटीटी और यूट्यूब जैसे माध्यमों से मनोरंजन का आनंद लेते हैं। लेकिन, एक वक्त ऐसा भी था, जब बात एंटरटेनमेंट की आती थी तो लोगों के लिए दूरदर्शन टीवी चैनल एकमात्र साधन हुआ करता था। महाभारत, रामायण और शक्तिमान जैसे कई कल्ट धारावाहिक दूरदर्शन की पहचान बने थे। भारतीय मनोरंजन जगत के इतिहास को खंगाला जाए तो दूरदर्शन के रूप में सबसे पुराने टीवी चैनल का नाम सामने आता है, जिसने दशकों तक लोगों को घर बैठे एंटरटेन किया। इसी आधार पर बात की जाए दूरदर्शन के सबसे पहले और पुराने टीवी सो के बारे में तो उसका नाम कृषि दर्शन था। 26 जनवरी 1967 को गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दूरदर्शन पर कृषि दर्शन शो को पहली बार प्रसारित किया गया था। इस चैनल की पहली एंकर प्रीतिमा पुरी ने इसका आगाजा किया था। शो के नाम से ही साफ जाहिर होता है कि इसमें भारतीय किसानों को आधुनिक खेती, कृषि-तकनीक और ग्रामीण विकास की अहम जानकारी दी जाती थी। उस वक्त शोज की भरमार कम हुआ करती थी, जिसके तहत कृषि दर्शन भी भारतवासियों के लिए मनोरंजन का अहम साधन बन गया था। इतना ही नहीं कृषि प्रधान भारत देश के किसानों के लिए ये शो काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ था, क्योंकि इसमें मौजूद एक्सपर्ट द्वारा मिलने वाली सलाहों से किसानों को खेती में काफी सहायता मिलती थी। दूरदर्शन टीवी चैनल के सबसे अधिक लंबे चलने वाले धारावाहिक के तौर पर भी कृषि दर्शन को याद किया जाता है। इस शो के अब तक 62 सीजन टेलीकास्ट हो चुके हैं, जिनमें 16 हजार 780 एपिसोड मौजूद हैं।

## मुझे पटक-पटक कर मारा : रूपा



**नई दिल्ली।** बीआर चोपड़ा की पॉपुलर टेलीविजन सीरीज महाभारत को आज भी फैंस से उतना ही प्यार मिलता है जितना की सालों पहले दिया जाता था। इसके किरदार भी खूब फेमस हुए। उन्हीं में से एक हैं द्रौपदी की भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस रूपा गांगुली। महाभारत की बात जब भी आती है तो द्रौपदी के चीर हरण की चर्चा हमेशा होती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि आज से 10 साल पहले रूपा गांगुली के साथ बिल्कुल चीर हरण जैसा हादसा हुआ था? जी, हां एक्ट्रेस पर जानलेवा हमला हुआ था जिसे याद कर उनका मन अब भी सिहर जाता है। रूपा गांगुली ने ट्विटर पर इस घटना का जिक्र किया था। द्रौपदी के चीर हरण वाला वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा ,'मुझे कुछ दिनों से याद आ रहा है, 22 मई 2016 डायमंड हार्बर की वह घटना, जब 17-18 लोगों ने पुलिस को साथ लेकर, मुझे गाड़ी से उतारकर रास्ते पर पटक-पटक कर मारा था।

## बॉलीवुड की दूसरी लता : ताउम्र झेला तुलना का दंश, रफी संग गाए 140 गाने

# पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, सुरमई उजाला है...

*नई दिल्ली। आज की सुबह संगीत जगत के लिए एक दुखद खबर लेकर आई। संगीत के स्वर्णिम दौर की एक और आवाज आज खामोश हो गई। सुमन कल्याणपुर (89) ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। लता मंगेशकर, आशा भोसले के बाद आज सुमन कल्याणपुर ने भी दुनिया से रुखसती ले ली। वो अपने पीछे 740 गानों की बेशकीमती विरासत छोड़ गई हैं। बांग्लादेश में जन्मीं सुमन हिंदी सिनेमा को वो अध्याय हैं जो स्वर्ण अक्षरों में दर्ज जरूर है। लेकिन, आज भी कइयों ने उसे पढ़ा नहीं है। आज भी ज्यादातर लोग उनकी आवाज पहचान नहीं पाते हैं। लता मंगेशकर और उनकी आवाज में सामानता इतनी रही कि उन्हें दूसरी लता कहा गया। सुरों की मल्लिका का सबसे बड़ा आशीर्वाद ही उनका 'अभिशाप'बन गया। ताउम्र वो लता मंगेशकर के साए से निकल नहीं पाईं। सुमन कल्याणपुर को ताउम्र तुलना का दंश झेलना पड़ा था। दिग्गज संगीतकारों के लिए सुमन कल्याणपुर और लता मंगेशकर की आवाज में फर्क कर पाना कभी-कभी नामुमकिन सा हो जाता था। सुमन कल्याणपुर ने उस दौर में अपनी जगह बनाई, जब हिंदी सिनेमा में पहले से ही कई दिग्गज आवाजें मौजूद थीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में संगीत का सफर इस वक्त शुरू किया जब लता मंगेशकर, आशा भोसले जैसी गायिकाओं का इंडस्ट्री पर राज था। हर फिल्ममेकर और संगीतकार लता मंगेशकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखता था, ऐसे में उस दौर में किसी भी गायिका के लिए अपनी जगह बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था।*



### लता से हूबहू मिलती थी आवाज

लता मंगेशकर और सुमन कल्याणपुर की आवाज में फर्क कर पाना लगभग असंभव सा है। 1960 और 1970 के दशक में लता और सुमन के बीच की तुलना चरम पर थी। जब कई बड़े संगीतकार और निर्माता लता मंगेशकर संग काम नहीं कर पाते थे, तो वो सुमन कल्याणपुर का दरवाजा खटखटाने पहुंच जाते थे। उन्हें ज्यादातर गाने तभी मिलते जब स्वरकोकिला किसी कारणवश उन्हें मना कर देती थीं।

### स्वरकोकिला को मानती थीं दोस्त

अब ताउम्र जिससे तुलना हो उस शख्स को नापसंद करना लाजमी है, लेकिन शायद उस स्वर्णिम दौर की ये ही खासियत थी कि हर कलाकार दूसरे कलाकार और उसकी कला की पूरी इज्जत करता था। साल 2022 में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में सुमन ने लता दीदी को अपनी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बताया था। उन्होंने स्वीकार किया था कि वो खुद भी लता मंगेशकर की आवाज की मुरीद थीं। दोनों ने साथ में फिल्म चांद के लिए एक डुएट रिकॉर्ड किया था। उस फिल्म के गाने पर साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा था कि वो और लता जी सहेलियां थीं।

***रफी संग हिट थी जोड़ी :*** आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार तुम्हीं से, तुमने पुकारा और हम चले आए, पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, दिल एक मंदिर है, ठहरिए होश में आ लूं मोहम्मद रफी के साथ उनके सुपरहिट गाने थे जो आजतक लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। दशकों बाद भी इन एवरग्रीन गानों का खुमार कम नहीं हुआ है।

### पढ़ाई, शादी और बच्चे

मुंबई के सेंट कोलंबस स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, सुमन ने चित्रकला की पढ़ाई की और सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। हालांकि, जल्द ही संगीत ही उनका जुनून बन गया। उन्होंने पंडित केशवराव भोले, उस्ताद खान अब्दुल रहमान खान और उस्ताद नवरंग जैसे प्रख्यात गुरुओं से ट्रेनिंग ली, जिसने उनके करियर की नींव रखी। सुमन ने 1958 में बिजनेसमैन रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू अग्नि हैं।

### इन भाषाओं में भी बिखेरा आवाज का जादू

कोकिला जैसी मीठी आवाज और सुरों की धनी सुमन कल्याणपुर को दूसरी लता कहा जाने लगा था। कॅरियर में 740 गाने को आवाज देने वाली दिवंगत सिंगर ने हिंदी के साथ ही कई भाषाओं में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा था। उन्होंने बंगाली, मराठी, असमी, कन्नड़ और ओड़िया भाषाओं में भी अपने संगीत के सफर को जारी रखा था। 28 जनवरी, 1937 को अविभाजित भारत के ढाका में जन्मीं सुमन कल्याणपुर हिंदी और मराठी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध सिंगर्स में से एक बनीं। फिल्मी संगीत के अलावा, उनके भजन, गजल, मराठी अभंग और भावगीत भी गाए, जो एक कलाकार के रूप में उनकी पहचान बनी।

# मां बनने के बाद बदल जाती हैं बातें : कियारा



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह मां बनी हैं। इस बीच उन्होंने मां बनने के बाद महिलाओं को अक्सर जिन उम्मीदों का सामना करना पड़ता है, उनके बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि कैसे महिलाओं की प्रेग्नेंसी का जश्न मनाने से हटकर लोगों का ध्यान दूसरी चीजों पर चला जाता है। मां बनने से अपनी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बात करते हुए, कियारा ने कहा 'यह अनुभव हर तरह से बहुत ही अच्छा है। मुझे लगता है कि जो डायरेक्टर अब मेरे साथ काम करेंगे, उन्हें मेरा सबसे बेहतरीन रूप देखने को मिलेगा। मां बनने के इस सफर ने मेरे अंदर दुनिया के प्रति मेरी समझ में एक नया पहलू खोल दिया है।' उन्होंने बताया सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो हर कोई कहता है, अरे वाह, आप कितनी ग्लो कर रही हैं, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं। मगर, जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, तो बातें बदल जाती हैं। लोग कहते हैं 'अब तो मोटी लग रही है, थोड़ी ऐसी लग रही है, थोड़ी वैसी लग रही है।' अभिनेत्री ने कहा 'जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो लोग आपको देवी की तरह पूजते हैं, लेकिन जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, वे उम्मीद करने लगते हैं कि आप तुरंत ही अपनी पुरानी फिटनेस और काम पर वापस लौट आएंगी। महिलाओं के लिए सबसे मुश्किल समय बच्चे के जन्म के बाद का ही होता है। यही वह समय होता है, जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत होती है।' कियारा ने कहा 'कहा जाता है कि एक बच्चे की परवरिश के लिए पूरे गांव की जरूरत पड़ती है। इसी तरह एक मां को संभालने के लिए भी पूरे गांव की जरूरत पड़ती है।'

# 43 साल पुरानी वो फिल्म, जिसे देख फूट-फूटकर रोए थे लोग, बच्चों को प्रॉपर्टी देने से डरने लगे थे मां-बाप

**नई दिल्ली।** सिनेमा समाज का आईना होता है। कुछ फिल्में महज एंटरटेनर तक ही सीमित रहती हैं, लेकिन कुछ ऑडियंस के दिलों में घर कर जाती हैं। 43 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जिसने मां-बाप को इस कदर सहमा दिया था कि वे अपने बच्चों को घर का मालिकाना हक देने से कतराने लगे थे। यह फिल्म जब बनी तो किसी को नहीं पता था कि इसे देखने के बाद ऑडियंस सिसक-सिसककर रोने लगेगी। आज भी अगर टीवी पर यह फिल्म आ जाए तो देखने वाले अपने आंसू नहीं रोक पाते हैं। 43 साल पहले जब यह फिल्म आई तो सिनेमाघरों से निकलने वाले हर शख्स की आंखें नम थी। इस फिल्म ने ऑडियंस पर गहरा प्रभाव छोड़ा था।




### पारिवारिक फिल्म ने कर दिया था भावुक

यह फिल्म राजेश खन्ना की थी। हैंडसम हंक राजेश खन्ना सिनेमा के पहले सुपरस्टार रहे। मगर, जब उनका कॅरियर खतरे में पड़ा, तब यही फिल्म उनके डूबते नाव का सहारा बनी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है अवतार। अमन, अमृत अनजाना और आप आए बहार आए जैसी फिल्में बना चुके मोहन कुमार ने ही अवतार का निर्देशन और निर्माण किया था। फिल्म में राजेश खन्ना ने एक बूढ़े पिता का किरदार निभाया था। उनके साथ लीड रोल में शबाना आजमी थीं। इसके अलावा फिल्म में ए.के. हंगल, सचिन पिलगांवकर, रंजन ग्रेवाल, प्रीति सप्रू, सुजीत कुमार, गुलशन ग्रोवर समेत कलाकार अहम भूमिकाओं में थे।

### बच्चे घर से कर देते हैं बेदखल

फिल्म की कहानी अवतार किशन (राजेश खन्ना) और उसकी पत्नी राधा (शबाना आजमी) की है, जिसके बच्चे उन्हें उनके ही घर से बेदखल कर देते हैं और उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। बुढ़ापे में दर-दर भटकने के बाद दिन-रात एक करके अवतार फिर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है।

### फिल्म देखकर डर गए थे लोग

जब यह फिल्म रिलीज हुई तो राजेश खन्ना और उसकी पत्नी का हाल देखकर लोग इतना डर गए कि वे अपने बच्चों के नाम प्रॉपर्टी देने से झिझकने लगे। इस फिल्म को देखने के बाद भारत में कई बुजुर्ग कपल जिन्होंने अपने घरों का मालिकाना हक अपने बच्चों को दे दिया था, उन्होंने घर के कागजात (टाइटल डीड्स) वापस अपने नाम करवा लिए। उन्हें डर था कि कहीं उनके बच्चे भी उनके साथ वैसा ही न करें, जैसा इस फिल्म में बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ किया था। यह फिल्म न केवल क्रिटिक्स और दर्शकों की तरफ से सराही गई।

### सैयारा की जोड़ी लेकर आ रही है नई रोमांटिक फिल्म



**मुंबई।** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा नजर आए थे। दोनों की जोड़ी यूथ में सेंसेशन बन गई थी। अब ये जोड़ी एक बार फिर मोहित सूरी के ही डायरेक्शन में बनने वाली अगली फिल्म में साथ दिखेंगे। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी है कि मोहित सूरी फिल्म सैयारा के बाद एक और फ्रेश रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की खबर है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस साल के अंत तक यानी अक्टूबर-नवंबर तक ये फिल्म रिलीज के लिए तैयार होगी।

# फैमिली ड्रामा की भी हैं क्वीन

साउथ फिल्मों की स्टार तृष्णा कृष्णन सिर्फ रोमांटिक किरदारों के लिए ही नहीं, बल्कि फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इन फिल्मों में उन्होंने दमदार किरदारों से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। इन फिल्मों को आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपने कॅरियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। लेकिन, अगर आप सोच रहे हैं कि वह सिर्फ रोमांटिक फिल्मों में ही नजर आई हैं, तो ऐसा नहीं है, वह अब तक कई फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी है।

साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस तृषा को रोमांटिक फिल्मों के लिए खूब पसंद किया जाता है। इन फिल्मों में उन्होंने अपने काम से लोगों को हैरान कर दिया था। इन फिल्मों में प्यार, परिवार, रिश्तों की उलझनें और इमोशंस का अच्छा बैलेंस देखने को मिलता है। अगर आप तृषा की ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिनमें रोमांस के साथ-साथ फैमिली ड्रामा भी हो, तो ओटीटी पर मौजूद ये 5 फिल्में जरूर देख सकते हैं। इनमें पहली है- 96 साल 2018 में आई ये फिल्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह एक इमोशनल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, फिल्म में उनका जानकी देवी का रोल में काफी पसंद किया गया था।





# अक्षय-दिशा का गाना ऊंचा लंबा ... रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में 2007 की हिट फिल्म 'वेलकम' के क्लासिक गाने 'ऊंचा लंबा कद' का जादू फिर से बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दिशा पाटनी के साथ अक्षय कुमार ने 'ऊंचा लंबा कद' गाना फिर से रिलीज कर दिया है और नए गाने में चार्म तो बहुत है, लेकिन रिलीज होते ही फैंस मायूस हो गए। इससे पहले, अक्षरा सिंह के साथ ठुमके लगाकर छाने वाले अक्षय को अब नफरत मिल रही है कि उन्होंने दिशा पाटनी को लेकर कटरीना की फिर से याद दिला दी और दिशा उस औरा को छू भी नहीं पाईं जो कटरीना का है। अक्षय कुमार और दिशा पाटनी की शानदार केमिस्ट्री, रंगीन विजुअल्स और जोशीली धुन 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर'को फिल्म के साउंडट्रैक का एक खास आकर्षण बनाती है।

### एक एपिसोड के लिए ले रही है 2 करोड़ 84 लाख!



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर सीरीज में शुमार गेम ऑफ थ्रोन्स के कलाकारों की कमाई को लेकर सालों से कई तरह की चर्चाएं होती रही हैं। इस बीच कई बार यह दावा किया जाता रहा कि सीरीज के प्रमुख कलाकारों को प्रति एपिसोड करीब 3 लाख डॉलर (लगभग 2.84 करोड़ रुपए) की फीस दी जाती थी। अब इस मामले पर एक्ट्रेस एमिलिया क्लार्क ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एमिलिया क्लार्क के मुताबिक, सीरीज के कलाकारों की कमाई बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई है। एमिलिया ने सीरीज में डेनेरिस टार्गेरियन यानी 'मदर ऑफ ड्रैगन्स' का किरदार निभाया था।

# परफेक्ट फिगर पाने के लिए तापसी ने की हद से ज्यादा कसरत



*मुंबई। तापसी पन्नू अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बॉडी इमेज से जुड़ी मुश्किलों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने स्लिम-फिट दिखने के लिए बहुत मेहनत की। इस कोशिश में उन्होंने अपने आपको परेशान किया। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक खास तरह का दिखने का बहुत ज्यादा दबाव महसूस होता था। तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया 'मुझे याद है कि मुझे सपाट पेट पाने का जुनून था, क्योंकि बड़े होते समय मैं बहुत ज्यादा फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। इसे कम करने के लिए मैंने इतनी ज्यादा कसरत की कि मैंने खुद को हद से ज्यादा थका दिया। यह बात बिल्कुल सही है कि जब आप खुद को हद से ज्यादा थकाते हैं, तो आपके दिमाग में एक खतरे की घंटी बजती है कि आपके शरीर को सुरक्षा की जरूरत है।' तापसी ने आगे बताया कि शरीर पानी को बाहर निकालने के बजाय उसे जमा करना शुरू कर देता है।*

एनएमडीसी
NMDC
Responsible Mining



भारत का पहला
53 MILLION TONNES
लौह अयस्क उत्पादक

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए
स्टैंडअलोन और समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार
सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 के विनियम 47 के अनुसरण में

परिणाम देखने के लिए निम्नलिखित लिंक पर जाएं
https://www.nmdc.co.in/cms-admin/Upload/Financial_Result_Document/2b078d60fd6f430287361c214e7b5854_20260529205647560.pdf
या QR Code स्कैन करें

| | FY26 की विशेषताएँ | | FY26 Q4 की विशेषताएँ |
|---|---|---|---|
| 33% | टर्नओवर ₹ 31,554 करोड़ | 61% | टर्नओवर ₹ 11,173 करोड़ |
| 11% | कर पश्चात लाभ ₹ 7,421 करोड़ | 35% | कर पश्चात लाभ ₹ 2,020 करोड़ |
| 21% | उत्पादन 53.16 MnT | 22% | उत्पादन 16.27 MnT |
| 13% | बिक्री 50.24 MnT | 21% | बिक्री 15.30 MnT |

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
मुख्यालय: खनिज भवन, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028, भारत

निदेशक मण्डल के आदेश से एनएमडीसी लिमिटेड
हस्ता./-
(अमिताभ मुखर्जी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08265207
दिनांक: 29 मई, 2026
स्थान: दिल्ली

सीआईएन: L13100TG1958GOI001674 | www.nmdc.co.in | हमें फॉलो करें:

## चिंतन

# अडियल रुख ने खटाई में डाली शांति वार्ता

अमेरिका और ईरान के अडियल रुख ने पश्चिम एशिया वार्ता को एक बार फिर खटाई में डाल दिया है। मुश्किल यह है कि दोनों ही देश खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं। यह वार्ता जब कुछ आगे बढ़ती है तो दोनों ही देशों के रुख के कारण जल्द ही ठप हो जाती है। एक माह से भी अधिक समय हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो दोनों ही देश युद्ध विराम पर सहमत हैं, लेकिन मुश्किल होर्मुज को लेकर है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से जूझ रही है। भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। धीरे-धीरे इसका प्रभाव और बढ़ता जा रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया परेशान है। क्रूड की कीमतें अभी उच्चस्तर पर बनी हुई हैं। आपूर्ति संकट ने चालू बाजार में तेल की कीमतें बढ़ाई हुई हैं। ऐसा नहीं है कि पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों से अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है। अमेरिका में पेट्रोल (गैसोलीन) की वर्तमान राष्ट्रीय औसत कीमत लगभग 4.39 डॉलर प्रति गैलन (लगभग 96 रुपये प्रति लीटर) हैं। पश्चिम एशिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां युद्ध और शांति के बीच की दूरी बेहद कम दिखाई दे रही है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को भी चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वार्ताओं का दौर चल रहा है, लेकिन ठोस नतीजे सामने नहीं आ पाए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह दोनों पक्षों का अडियल रवैया और अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता कराने की जिद है। हालांकि हाल के सप्ताहों में बड़े सैन्य टकराव नहीं हुए हैं और दोनों देश युद्धविराम जैसे माहौल को बनाए रखने में सफल रहे हैं, लेकिन इससे स्थायी शांति की उम्मीद नहीं बंधती। असली विवाद होर्मुज जलडमरूमध्य और उससे जुड़े सुरक्षा तथा आर्थिक मुद्दों को लेकर है। दुनिया के कुल समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार का तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करता है। वर्तमान संकट का असर पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में दिखाई दे रहा है, जहां कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ऊर्जा संकट का सबसे अधिक प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है। भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों पर दबाव बढ़ा है। परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। यही कारण है कि यूएस-ईरान तनाव अब केवल दो देशों का द्विपक्षीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। वहीं, अमेरिका में नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप अपनी पार्टी रिपब्लिकन को जीत की खबर देना चाहते हैं। यही ईरान के साथ वार्ता का जोखिम भरा बिंदू भी है। ट्रंप हर प्रस्ताव को इसी पैमाने पर तौलते हैं। उन्हें हर बार इसके लिए कुछ और चाहिए होता है, जिसके कारण हर बार वार्ता खटाई में पड़ जाती है। देखा जाए तो ट्रंप जैसा समझौता चाहते हैं वैसे में सहमति बनने में कई माह लग सकते हैं। अब सबसे पहले होर्मुज और जरूरी मुद्दों पर सहमति बनाकर हालात सामान्य किए जाएं। इसके बाद समय लेकर जटिल मुद्दे सुलाझाएं जाएं तो यह काफी हद तक तर्कसंगत हो सकता है।

## मंथन

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# क्या सुरक्षित हैं हमारी राष्ट्रीय परीक्षाएं?

देश में इन दिनों एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षाओं की विश्वसनीयता चर्चा के केंद्र में है। पहले नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रबंधन को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों को चिंतित किया था। इसके बाद सीबीएसई की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की खबरें सामने आईं। अब विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली सीयूईटी-यूजी परीक्षा में तकनीकी समस्याओं और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। इन घटनाओं ने केवल कुछ परीक्षाओं की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है, बल्कि उस पूरे तंत्र की विश्वसनीयता को चुनौती दी है, जिस पर करोड़ों युवाओं के सपने और भविष्य आधारित हैं। आज प्रश्न केवल यह नहीं है कि किसी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि क्यों हुई, बल्कि यह है कि क्या भारत की परीक्षा व्यवस्था तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त रूप से तैयार कर पा रही है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। यहां हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इन परीक्षाओं का महत्व केवल नौकरी या प्रवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि ये सामाजिक गतिशीलता, अवसरों की समानता और प्रतिभा के सम्मान का माध्यम भी होती हैं। ऐसे में जब किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह युवाओं के मनोबल, व्यवस्था के प्रति विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर भी पड़ता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में बार-बार सामने आ रही परीक्षा संबंधी समस्याएं एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गई हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की स्थापना वर्ष 2017 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं का संचालन अधिक पेशेवर, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से किया जा सके। इसके माध्यम से जेईई, नीट, सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को एक सुव्यवस्थित ढांचे के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया। प्रारंभिक वर्षों में यह व्यवस्था अपेक्षाकृत सफल भी दिखाई दी। डिजिटल तकनीक के उपयोग, ऑनलाइन परीक्षाओं और केंद्रीकृत प्रबंधन ने प्रक्रिया को आधुनिक बनाने में मदद की। किंतु समय के साथ अनेक विवादों और तकनीकी चुनौतियों ने यह संकेत दिया कि केवल संस्थागत ढांचा बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी कार्यकुशलता और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सीयूईटी-यूजी परीक्षा में सामने आई तकनीकी समस्याएं इसी व्यापक संकट का हिस्सा हैं। कई केंद्रों पर सर्वर संबंधी दिक्कतें, कंप्यूटरों की खराबी, लॉगिन में विलंब तथा परीक्षा संचालन में बाधाएं देखने को मिलीं। डिजिटल परीक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य मानवीय त्रुटियों को कम करना और प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना था, लेकिन जब तकनीक स्वयं समस्या का कारण बन जाए तो विद्यार्थियों के लिए यह दोहरी चुनौती बन जाती है। परीक्षा के दौरान कुछ मिनटों का व्यवधान भी किसी अभ्यर्थी के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या तकनीकी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से परखा और मजबूत किया गया था। समस्या का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम परीक्षा के बढ़ते डिजिटलीकरण से जुड़ा है। डिजिटल तकनीक निस्संदेह आधुनिक परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता है, किंतु इसके साथ अनेक जोखिम भी जुड़े हैं। साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सर्वर क्षमता, नेटवर्क स्थिरता और आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां लाखों विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देते हैं, वहां किसी भी तकनीकी विफलता का प्रभाव बहुत व्यापक हो सकता है। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसका सुरक्षित, विश्वसनीय और निरंतर परीक्षण किया हुआ होना है। नीट, सीबीएसई या सीयूईटी जैसे विवाद केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। ये उस गहरे संस्थागत संकट के संकेत हैं, जो परीक्षा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर मौजूद कमजोरियों को उजागर कर रहे हैं। आवश्यकता केवल तात्कालिक संकट प्रबंधन की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की है। ऐसी परीक्षा व्यवस्था का निर्माण करना होगा जिसमें तकनीक सहायक बने, बाधा नहीं; प्रशासन जवाबदेह हो, उदासीन नहीं; और सबसे बढ़कर, विद्यार्थियों को यह विश्वास हो कि उनकी सफलता का आधार केवल उनकी प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता है। जब यह विश्वास स्थापित होगा, तभी परीक्षा वास्तव में ज्ञान और क्षमता की परीक्षा होगी, न कि व्यवस्था पर भरोसे की।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

देश में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है। पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भी भय नहीं है। हाल ही में गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी।

# जहरीली मानसिकता कहां से जन्म ले रही

देश के कई इलाकों में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भय नहीं है। ताज़ा घटनाक्रम में गाजियाबाद से एक बेहद सनसनीखेज और कलेजा कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने से ठीक पहले कट्टरपंथी हमलावरों ने पीड़ित से पूछा, "क्या तुमने कभी बकरा हलाल होते देखा है? आज तुझे दिखाते हैं।"आरोप है कि यह कहते ही उन्होंने सूर्या पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में इलाज के दौरान तड़प-तड़प कर इस हिंदू लड़के ने दम तोड़ दिया। पुलिस की प्राथमिकी इस पूरी खौफनाक साजिश की गवाही दे रही है। पुलिस ने रविवार के तड़के मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है इस से पहले 3 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया और 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया ।

बता दें मृतक सूर्या चौहान मूल रूप से एटा का रहने वाला था। वह नवनीत विहार, खोड़ा में अपनी मां, बड़े भाई यश चौहान और छोटी बहन के साथ रहता था। उसके पिता कौशलेंद्र की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सूर्या 11वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, करीब 8 महीने पहले सूर्या का पड़ोस में रहने वाले असद नाम के युवक से किसी बात पर मामूली विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए असद ने बकरीद के पवित्र दिन को चुना। 28 मई की दोपहर को असद ने सूर्या को फोन किया। उसने सूर्या को बकरीद की पार्टी के बहाने मिलने के लिए चौधरी स्कूल के पास वाली गली नंबर 2 में बुलाया। सूर्या अपने दोस्त आयुष और विक्की के साथ असद से मिलने पहुंचा था। विक्की और आयुष ने आंखों देखा हाल बताते हुए बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया। विक्की ने बताया कि जैसे ही वे गली में पहुंचे, वहां पहले से ही असद, नवाब, फरहान, आतिफ और सारिक समेत 5 से 6 मुस्लिम युवक हथियारों के साथ घात लगाकर बैठे थे बताया जा रहा है कि आते ही उन्होंने सूर्या को चारों तरफ से दबोच लिया। इसके बाद उन्होंने सांप्रदायिक और हिंसक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? चश्मदीदों के मुताबिक, आरोपितों ने चिल्लाते हुए कहा कि आज बकरीद है और आज कुर्बानी इस हिंदू लड़के की देंगे। यह कहते ही सभी आरोपितों ने सूर्या पर बड़े चाकुओं से हमला बोल दिया। उन्होंने सूर्या के पेट, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ कई वार किए। हमला




इतना बर्बर था कि चाकुओं की गोदने की वजह से सूर्या की आंतें तक बाहर आ गईं। मौके पर चीख-पुकार और शोर मच गया। खोड़ा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी और विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए मृतक के भाई यश चौहान द्वारा दी गई तहरीर जानलेवा हमला कर हत्या करने के प्रयास के संबंध में दर्ज कराई गई थी। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि 28 मई को दोपहर करीब 3:30 बजे शिकायतकर्ता का भाई सूर्या अपने दोस्त आयुष (पुत्र मनोज भारती, निवासी नवनीत विहार, खोड़ा) के साथ जा रहा था। तभी खोड़ा की शर्मा डेरी वाली गली में लोकप्रिय विहार का रहने वाला अशद (पुत्र नवाब) मिला।अशद ने अचानक सूर्या के साथ गाली-गलौज करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया और फिर जान से मारने की नीयत से उसके पेट में चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में सूर्या गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना स्थल पर मौजूद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं में इस हत्या को लेकर गहरा आक्रोश है। उन्होंने योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन से माँग की है कि सभी फरार आरोपितों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। हिंदू समाज का कहना है कि यह केवल दो गुटों की लड़ाई नहीं, बल्कि बहुसंख्यक समाज की सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। विभिन्न संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मुख्य आरोपित असद समेत सभी दोषियों के घरों पर तुरंत बुलडोजर नहीं चलाया गया और उन्हें सख्त सजा नहीं मिली, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल पुलिस स्थिति को नियंत्रण में बता रही है और मुख्य आरोपित की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। यूपी के गाजियाबाद और इस से सटे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों में हत्या के कुछ हालिया मामलों में मुस्लिम समुदाय से जुड़े आरोपियों के नाम सामने आए हैं। हालांकि, पुलिस जांच और आधिकारिक रिपोर्टों में इन घटनाओं को सुनियोजित या समुदाय-विशिष्ट घृणा के बजाय मुख्य रूप से आकस्मिक विवादों, पुरानी दुश्मनी या आपसी रंजिश का परिणाम बताया गया है। दो माह पहले जेजे कालोनी उत्तम नगर की नृशंसता भरी वारदात याद होगी यहां हिन्दू त्योहार होली के दिन रंग-बिरंगे पानी के छींटे पड़ने और गुब्बारा लगने को लेकर दो समुदाय से जुड़े परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इस घटना में 26 वर्षीय तरुण कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी दिन यानि होली के दिन ही सिगरेट के विवाद में सूरज नामक 26 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में सादिक नामक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। सवाल यह है कि इस तरह की दरिंदगी और बर्बरता की सोच को कौन उकसा रहा है? बकरीद से दो दिन पहले ही गाजियाबाद से सटे हापुड़ जनपद के पिलखुवा में एक शनिदेव प्रतिमा को एक समुदाय विशेष के एक जेहादी ने तोड़ दिया बाद में सीसीटीवी कैमरे के जरिए मिले सबूत से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इन दिनों सोशल मीडिया पर भी मनमानी घृणा और विद्वेष की बातें बहुलता से वायरल हो रहीं हैं यह एक स्वस्थ समाज की संरचना को तोड़ रहा है और परस्पर जहरीली सोच तैयार कर रहा है सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए और इस जहर की फसल को बीजनाश करनी चाहिए ।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# शिव कोई नाम नहीं है



संकलित

## दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

## प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रदूषण व जमाखोरी से देश को बचाएंगे पॉलीमर नोट

| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**मकान**

**मकान बेचना है-** बिलासपुर मंगला हाउसिंग बोर्ड में गार्डन फेसिंग 2BHK मकान कीमत 25 लाख रुपए में अति शीघ्र बेचना है खरीददार **सम्पर्क करें- 7898855268 (कृपया ब्रोकर सम्पर्क ना करें)** (RO-40894)

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## जैकेट के शेष

### शराब घोटाला से जुड़े ...

आय 110 करोड़ रुपए में खरीदा गया है। इसका भुगतान शराब घोटाले से प्राप्त बेहिसाब नकदी में किया गया था। होटल खरीदने नकदी राशि चैतन्य बघेल के कहने पर ले जाकर भुगतान किया गया था।

**तीसरा पीएओ** - तीन एफएल-10 ए लाइसेंसधारी कंपनी मेसर्स ओम साई ब्रेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते, शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त किया गया है। मेसर्स दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स नेक्सजेन पावर इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड, जिन्हें अपने मुनाफे की 50-60% राशि सिंडिकेट को भेजने के लिए मजबूर किया गया था, उनकी कुल 51 करोड़ रुपए का बैंक अकाउंट तथा म्यूचुअल फंड में जमा राशि अटैच की गई है।

### बरी होने मात्र से पूरे बकाया वेतन ...

ने यह फैसला विद्युत मंडल के पूर्व कर्मचारी की अपील खारिज करते हुए दिया। मामले के अनुसार कर्मचारी को सहायक श्रेणी-1 (सिविल) के पद पर नियुक्त किया गया था और बाद में उसे पर्यवेक्षक (सिविल) पद पर पदोन्नत किया गया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज हुआ था। विशेष अदालत ने उसे दोषी ठहराया, जिसके बाद सक्षम प्राधिकारी ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया।

**वेतन पाने का अधिकार उत्पन्न नहीं हो** : याचिका में यह भी कहा गया कि प्रतिकर के सिद्धांत के अनुसार उसे उसी स्थिति में बहाल किया जाना चाहिए, जिसमें वह दोषसिद्धि न होने पर होता। अदालत ने कहा कि भले ही बरी होना गुण-दोष के आधार पर हुआ हो, इससे उस अवधि का वेतन पाने का अधिकार उत्पन्न नहीं होता, जिसमें कर्मचारी ने कोई सेवा नहीं दी। अदालत ने यह भी माना कि संबंधित अवधि में नियोक्ता और कर्मचारी का संबंध बर्खास्तगी आदेश के कारण समाप्त हो चुका था। इसलिए काम नहीं तो वेतन नहीं का सिद्धांत पूरी तरह लागू होगा।

### साय बोले-वर्षों तक विकास से ...

ली। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच सीधे संवाद का सशक्त माध्यम है। इसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुँचाना तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय तक नक्सल हिंसा से प्रभावित रहा, जिसके कारण यहां विकास कार्य वर्षों तक बाधित रहे। लेकिन अब परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं और अबूझमाड़ सहित पूरे बस्तर क्षेत्र में विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बस्तर और आदिवासी अंचलों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी अनेक बार बस्तर का दौरा कर क्षेत्र के विकास एवं शांति स्थापना के प्रयासों की लगातार समीक्षा कर चुके हैं। राज्य सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए विशेष योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में भी सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंचें। गारपा सहित आसपास के क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण के कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों का जीवन सुगम होगा और विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए धन और संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी तथा सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए जाएंगे। जन चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं से चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि योजना से प्राप्त राशि का उपयोग वे घरेलू जरूरतों की पूर्ति के साथ-साथ अपनी बेटियों के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि खातों में जमा कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राज्य सहकारी लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, विशेष सचिव एवं जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल, कलेक्टर श्रीमती नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती आकांक्षा शिक्षा खलखो, डीएफओ वेंकेटेशा एमजी सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

**कश्यप बोले- दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की किरण:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर और अबूझमाड़ जैसे दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की किरण पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक उपेक्षित रहे वनांचल क्षेत्रों में आज सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। कश्यप ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

### सुन-सुन मोर मया, पीरा के...

जिसकी वह हकदार थीं। मशहूर और दिग्गज पार्श्वगायिका सुमन कल्याणपुर का छत्तीसगढ़ी सिनेमा से एक बहुत ही ऐतिहासिक और गहरा नाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की दूसरी छत्तीसगढ़ी फिल्म 'घर द्वार' (1971) में कई सदाबहार गानों को अपनी आवाज दी थी। फिल्म 'घर द्वार' में उनके गाए गीत आज भी छत्तीसगढ़ी संगीत के इतिहास में मील का पत्थर माने जाते हैं। इस फिल्म के गानों में छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू और लोक संस्कृति की झलक मिलती है। सुन-सुन मोर मया, पीरा के संगवारी रे... यह मोहम्मद रफी और सुमन कल्याणपुर का एक बेहद लोकप्रिय और भावुक युगल गीत है। छत्तीसगढ़ी सिनेमा के शुरुआती दौर (1960-70 के दशक) में जब स्थानीय सिनेमा आकार ले रहा था, तब सुमन कल्याणपुर और मोहम्मद रफी जैसे देश के दिग्गज गायकों ने इन गानों को गाकर छत्तीसगढ़ी भाषा और संगीत को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दी थी।

### सराफा व्यापारी की हत्या में ...

द्वारा हत्याकांड की खुलासा करने की संभावना जताई जा रही है। 26 मई को पेंड्रा निवासी प्रदीप सोनी कोटमी सप्ताहिक बाजार में दुकान लगाकर बैठे हुए थे। शाम 7 बजे ज्वेलरी समेट कर बेग में रख लिए और अन्य सामान समेट रहे थे। इसी दौरान पल्सर बाइक से तीन नकाबपोश आए और श्री सोनी से जेवरात से भरा बेग लूटने की कोशिश करने लगे। श्री सोनी बेग पकड़कर तीनों से भीड़ गए और उनके बीच हाथा पाई शुरू हो गई। इसी दौरान नकाबपोशों ने उन पर फायरिंग कर दिया। जिससे श्री सोनी खून से लथपथ होकर गिर गए। उसके बाद नकाबपोश जेवरात से भरा बेग लूटकर बाइक से भाग गए। अस्पताल ले जाने पर श्री सोनी की मौत हो गई थी।

**सीपत खम्हरिया सराफा व्यापारी से उठाईगीरी में शामिल** : खबर है कि पूछताछ के दौरान विकलांग युवक ने अपने साथियों के साथ 21 फरवरी 2026 को सीपत खम्हरिया में रमेश ज्वेलर्स के संचालक विनय सोनी से 10 किलो चांदी, 100 सोने की जेवर उठाईगीरी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ करने में लगी हुई है।

## पेज एक के शेष

### सर्व आदिवासी समाज ने ...

को खदेड़ने की तैयारी की थी। आदमाबाद में धरना-प्रदर्शन करने के बाद बड़ी संख्या में युवा, महिला व पुरुष दोनों बैरिकेड्स को पार करके कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के पास जाकर धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने कलेक्टोरेट परिसर गेट तोड़ दिया। सैकड़ों प्रदर्शनकारी कलेक्टर परिसर के अंदर जाकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने वाटर कैनन से भीड़ को नियंत्रित कर लोगों को बाहर खदेड़ा। इसके बाद की कई प्रदर्शनकारी डटे रहे।

### सट्टे का कारोबार उजागर ...

पूछताछ में दोनों ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के संचालन की बात स्वीकार की और अपने साथियों के नाम भी बताए। जांच के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे रिकेश राय, अर्जुन राठौर और साहिल अग्रवाल के साथ मिलकर सट्टा नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस को मिले सुराग के आधार पर टीम ने गोपाल राइस मिल कॉलोनी स्थित एक मकान में दबिश दी। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही साहिल अग्रवाल मौके से फरार हो गया, लेकिन वहां से दो बैग और नोट गिनने की मशीन बरामद की गई। बैगों की तलाशी लेने पर कुल 31 लाख 99 हजार 700 रुपए नकद मिले। पुलिस के अनुसार इतनी बड़ी रकम के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक जानकारी नहीं दी जा सकी।

### गिरफ्तारी की मांग...

इसके तहसीलदार संघ ने इसका विरोध किया। तहसीलदार संघ का केवल यही कहना है कि विधायक रामकुमार टोप्पो के परिजनों की गिरफ्तारी की जाए। उसके बाद ही यह हड़ताल को वापस लिया जा सकता है।

### अंतर्राज्यीय ऑनलाइन ...

ने कथित तौर पर 'डफाबेट' के प्रचार अभियानों से आकर्षित होकर 2024 और जनवरी 2025 के बीच ऑनलाइन सट्टेबाजी में 9.95 लाख रुपए गंवा दिए थे। सीआईडी की पुलिस महानिदेशक चारू सिन्हा ने यहां पत्रकारों को बताया कि आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना में उनके खिलाफ 225 शिकायतें और 73 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जो एक व्यवस्थित अखिल भारतीय परिचालन का संकेत देते हैं। पुलिस ने आरोपियों से तीन कार, आठ लैपटॉप, 26 मोबाइल फोन और 3.21 लाख रुपये नकद जब्त किए। सिन्हा ने कहा कि तेलंगाना में ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ अवैध है तथा राज्य भर में विभिन्न अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्लिकेशन के खिलाफ 414 मामले दर्ज किए गए हैं।

### मांड नदी में मिला...

खरसिया वन परिक्षेत्र के गुरदा संगम नदी में एक हाथी शावक की डूबने से मौत हो गई है। वहीं जनवरी से लेकर अब तक 9 हाथियों की विभिन्न कारणों से मौत हो चुकी है। बीते मई में ही जिले के अलग-अलग वन परिक्षेत्र में 5 हाथियों की मौत हो गई है। पहली मौत 8 मई को हुई थी। इसके बाद 11, 22, 24 और 31 मई की रात हुई है।

## राशिफल

**मेष** - संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** - खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** - शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** - क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** - कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** - कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** - लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** - संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** - स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** - आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** - क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** - किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# शादी के कुछ घंटे बाद ही भारतीय मूल के पायलट की मौत



## घने जंगल में गिरा हेलीकॉप्टर पत्नी बचीं

**वाशिंगटन।** खुशियों से भरा एक शादी समारोह कुछ ही घंटों में मातम में बदल गया। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में भारतीय मूल के 25 वर्षीय पायलट डेव फिजी की उस हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई, जो उनकी शादी के दिन ही हुआ। हेलीकॉप्टर उड़ा रहे पायलट की भी जान चली गई। हालांकि, हादसे में डेव की पत्नी जेस्नी गंभीर हादसे के बाद बच गई हैं। उन्हें घायल हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। केरल से संबंध रखने वाले 25 वर्षीय डेव फिजी डेल्टा एयर लाइंस में पायलट थे। शुक्रवार को उन्होंने जेस्नी के साथ जॉर्जिया के डॉसनविल स्थित 'द रिवीयर' वेडिंग वेन्यू में विवाह किया था। शादी में सैकड़ों मेहमान शामिल हुए थे और परिवार के अनुसार समारोह बेहद शानदार ढंग से संपन्न हुआ। डेव के माता-पिता जॉर्ज और फीबा फिजी कई साल पहले केरल के एर्नाकुलम जिले के मुवत्तुपुझा क्षेत्र से अमेरिका आकर बस गए थे। वहीं जेस्नी का परिवार भी केरल के अलप्पुझा जिले से जुड़ा हुआ है। परिवार के मुताबिक, डेव और जेस्नी की मुलाकात चर्च से जुड़े परिचितों के जरिए हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी और उन्होंने जीवनसाथी बनने का फैसला किया था।

**अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के दायरे में शामिल तेल टैंकर 'टैगोर' पर कार्रवाई**

# फ्रांस ने 'कब्जे' में लिया रूस का तेल टैंकर, आधे रास्ते से वापस लौटाया



एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस ने रविवार को ब्रिटेन के साथ मिलकर रूस के एक तेल टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया। फ्रांस की नौसेना ने रविवार को रूस से आ रहे और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के दायरे में शामिल तेल टैंकर 'टैगोर' पर कार्रवाई करते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया। यह जानकारी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। मैक्रों ने लिखा, 'यह ऑपरेशन अटलांटिक महासागर के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में कई साझेदार देशों, जिनमें यूनाइटेड किंगडम भी शामिल है, के सहयोग से समुद्री कानून का पूरी तरह पालन करते हुए चलाया गया।' उन्होंने कहा, 'यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि जहाज अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार करें, समुद्री कानून का उल्लंघन करें और उस युद्ध को वित्तीय मदद पहुंचाएं जो रूस पिछले चार वर्षों से यूक्रेन के खिलाफ लड़ रहा है।'

### यहां रोका गया जहाज

अटलांटिक समुद्री प्रीफेक्चर ने सोमवार को जारी एक अलग बयान में कहा कि फ्रांसीसी नौसेना ने ब्रिटनी प्रायद्वीप के पश्चिम में 400 समुद्री मील (करीब 740 किलोमीटर) से अधिक दूरी पर एक तेल टैंकर को रोका। यह जहाज रूस के मुरमान्स्क बंदरगाह से आ रहा था। बयान में कहा गया, 'इस ऑपरेशन का मकसद जहाज की राष्ट्रीयता की जांच करना था क्योंकि हमें शक था कि जहाज पर फर्जी झंडा लगा है। निरीक्षण दल के जहाज पर चढ़ने के बाद डॉक्यूमेंट्स की जांच में यह संदेह सही पाया गया कि जहाज ने फर्जी झंडा लगाकर गुमराह करने की कोशिश की थी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय कानून और सरकारी अभियोजक के अनुरोध पर जहाज को वापस मोड़ दिया गया।' हालांकि प्रीफेक्चर ने जहाज का नाम नहीं बताया।

### तय नहीं था लदे तेल का डेस्टिनेशन

तेल टैंकर टैगोर बाल्टिक सागर की तरफ जा रहा था और 29 मई को इसके वहां पहुंचने की उम्मीद थी। हालांकि, उसमें लदे तेल का डेस्टिनेशन तय नहीं था। आगे मिलने वाले आदेशों के आधार पर उसकी मंजिल तय की जानी थी। लेकिन फ्रांस ने जहाज को रोक लिया और रास्ता बदलकर दूसरी दिशा में जाने का आदेश दिया। जहाज साल 2005 में बनाया गया था। यह लगभग 21 साल पुराना है और वर्तमान में मेडागास्कर के झंडे के तहत संचालित हो रहा है।

### पहचान छिपाकर रूसी तेल बेच रहे जहाज

हाल के महीनों में फ्रांस ने ऐसे कई संदिग्ध 'शैडो फ्लीट' टैंकर रोके हैं। पश्चिमी देशों का आरोप है कि ये जहाज प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए रूसी तेल ढो रहे हैं। मार्च में एक फ्रांसीसी अदालत ने एक संदिग्ध रूसी शैडो फ्लीट टैंकर के कप्तान को अनुपस्थिति में एक वर्ष की जेल की सजा सुनाई थी। उस पर आरोप था कि उसने सितंबर 2025 में फ्रांसीसी नौसेना के जहाज रोकने के आदेश का पालन नहीं किया था। बाद में उस जहाज को छोड़ दिया गया था। फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम दोनों ने मिलकर यह फैसला किया है कि वो अपने जलक्षेत्र से गुजरने वाले रूस के प्रतिबंधित 'शैडो फ्लीट' से जुड़े जहाजों को गुजरने नहीं देंगे।

# सीबीएसई, नीट पेपर लीक विवादों के बीच स्कूल ऑफ प्लानिंग की बिल्डिंग में आग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई, नीट पेपर लीक विवादों के बीच दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआत में कुछ रिपोर्ट्स में आग शिक्षा मंत्रालय के ऑफिस में लगने की बात कही गई थी, जिस पर कांग्रेस ने मामले को संदिग्ध बताया। हालांकि बाद में शिक्षा मंत्रालय और दिल्ली फायर सर्विस ने स्पष्ट किया कि आग मंत्रालय के ऑफिस में नहीं, एसपीए भवन में लगी थी। शुरुआती जांच में एसी में खराबी को आग की वजह माना जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग लगने से पहले एसी यूनिट से धुआं और स्पार्किंग होती दिखी थी। इसके बाद आग की लपटें उठने लगीं। राहत और बचाव कार्य में 3 एम्बुलेंस, 2 पीसीआर वैन, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) की स्थापना 1941 में हुई थी। 2008 में इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया।

### कांग्रेस ने कहा- मामला संदिग्ध लगता है

कांग्रेस महासचिव जय राम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- शिक्षा मंत्रालय के कार्यालयों में आग लगने की खबर बेहद चिंताजनक है। यह मामला कुछ संदिग्ध भी लगता है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सचिव बीवी श्रीनिवास ने कहा- स्कैम के कागज जलना शुरू हो चुके है। वाह रे प्रधान। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह साफ किया जाता है कि शिक्षा मंत्रालय कर्तव्य भवन-2, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली में स्थित है। जबकि, आग की घटना स्कूल ऑफ़ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) के परिसर में हुई है, जो 4- ब्लॉक **B**, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, विकास मार्ग (आईटीओ) में स्थित है।

# 120 मीटर गहरी गुफा में फंसा युवक

**रात भर ऑपरेशन चलाकर बचाया गया**



**रोम।** इटली के क्यूनियो प्रांत में 120 मीटर गहरी गुफा में फंसे एक युवक को 53 सदस्यीय रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवक का पैर एक बड़े पत्थर के नीचे फंस गया था, जिसके बाद रातभर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। यह घटना उत्तर-पश्चिमी इटली स्थित ग्रोट्टा देई चिंगहियाली वोलांती (केव ऑफ द फ्लाइंग वाइल्ड बोअर्स) गुफा में हुई। यह इलाका देश के प्रमुख केविंग क्षेत्रों में माना जाता है और ट्यूरिन शहर से करीब 120 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। अल्पाइन और स्पेलियोलॉजिकल रेस्क्यू सर्विस के अनुसार युवक लगभग 120 मीटर की गहराई पर था, जहां उसका पैर एक बड़े पत्थर के नीचे फंस गया। रेस्क्यू टीम ने गुफा के भीतर ही अस्थायी मेडिकल पोस्ट बनाकर उसे प्राथमिक उपचार दिया।


**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, उरला**

// विद्युत लाईन ऊर्जीकरण की सूचना //

नवनिर्गमित 33/11 के.व्ही. मेटलपार्क उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडरो को दिनांक 02.06.2026 अथवा उसके उपरांत किसी भी दिन ऊजीकरण किया जाना है।

अतः नवनिर्गमित 33/11 के.व्ही. मेटलपार्क उपकेन्द्र के क्षेत्रांतर्गत आने वाले जनसामान्य / उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त विद्युत लाईन से कोई छेड़-छाड़ न करें एवं दूरी बनाये रखे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे।

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएँ।"
"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

संवाद- Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़ असुविधा के लिए खेद है

कार्यपालन यंत्री (संधा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., उरला

**कार्यालय नगर पंचायत थानखम्हरिया, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
Email ID: cmothankhamhariya@gmail.com

क्र./274/ लो.नि.वि./ न.पं.ख./2026 — थानखम्हरिया, दिनांक 01.06.2026

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना::-
// Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in//

नगर पंचायत थानखम्हरिया में छ.ग. CGPHE USOR 01.06.2020, CGWRD SOR 01.08.2022, CG PWD Building SOR 01.01.2015, CG PWD Road 01.01.2025 And E/M SOR 01.06.2020 आयटम में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु फार्म "F" में ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | BID Due Date | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 192005 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in NAGAR PANCHAYAT, THANKHAMARIYA under SBM 2.0 | 208.99 | 22.06.2026 | 15 Month |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने पर संशोधन सूचना नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विभागीय वेबसाईट एवं कार्यालय सूचना फलक पर चस्पा किया जावेगा, जिसका पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत थानखम्हरिया

**कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
EmailId :- barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक / 291 / लो.नि.शा./ न.पं./2026-27 — ई-प्रोक्युरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना — बारसूर, दिनांक 29/05/2026

Main Portal : (https://eproc.cgstate.gov.in)

नगर पंचायत बारसूर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 191951 | नगर सौंदर्यीकरण अंतर्गत स्वच्छता लक्षित इकाईयां का रूपांतरण बारसूर। Transformation of Sanitation Target Units under the Urban Beautification Initiative Barsur (Ward No 10 Near Navoday Vidhyalay Barsur & CTU Area Barsur) | 19.86 | 22.06.2026 |
| 2 | 191955 | Providing Laying and Jointing of HDPE Pipe Line (90mm dia {8kg/sq.cm }) for Distribution System. Ward No. 01,02,06,08,09,10,11 and 15 (Estimated Area) | 18.04 | 22.06.2026 |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से संपर्क की जा सकती है अथवा कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं.लि. महासमुन्द

बिजली बन्द की सूचना

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि पूर्व मानसून मेंटेनेंश कार्य किये जाने के कारण 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र सुनसुनिया से निकलने वाली निम्नलिखित फीडरों की विद्युत आपूर्ति नीचे लिखे विवरणानुसार प्रातः 08:30 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | 33/11 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 02.06.2026 | 11 के.व्ही. नगर पालिका | नगर पालिका मेन रोड 53 हाईवे महासमुन्द रोड के समस्त निम्नदाब उपभोक्ता। |
| 2 | 03.06.2026 | 11 के.व्ही. बस स्टैंड | मेन रोड, गुरूद्वारापारा थाना पारा के समस्त निम्नदाब उपभोक्ता। |
| 3 | 04.06.2026 | 11 के.व्ही. शांतिनगर | लालपुर, ढांगाडिपरा, गणेशनगर, कर्रापारा एवं शांतिनगर के समस्त निम्नदाब उपभोक्ता। |
| 4 | 05.06.2026 | 11 के.व्ही. दैहानिभांठा | डबरापारा, बाजारपारा, फुलवारीपारा, पोटरपारा, मण्डीपारा, तेन्दुलोथा एवं दैहानिभांठा के समस्त निम्नदाब उपभोक्ता। |
| 5 | 06.06.2026 | 11 के.व्ही. भानपुर | वार्ड क्र. 01 भानपुर बस्ती एवं तहसील कार्यालय, व्यापारी तालाब के समस्त निम्नदाब उपभोक्ता। |
| 6 | 07.06.2026 | 11 के.व्ही. हाड़ाबंद | नवागांव, पिथौरा चौक, शिलापडेरा एवं फैमली ढाबा रोड के समस्त निम्नदाब उपभोक्ता। |

"प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में शासन द्वारा दिये जा रहे अनुदान का लाभ उठावें"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाए"
"लाईन विच्छेदन की कार्यवाही से बचने के लिए अपने विद्युत देयक का भुगतान प्रतिमाह करें।"

(पी. आर. वर्मा)
कार्यपालन यंत्री (सं/सं) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. महासमुन्द


## शब्द पहेली - 6244



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश,खानदान-2
6. आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी,इच्छा,चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास,नौकर,सेवक-5
14. अग्नि,आग-3
16. चयनित,स्वीकृत-4
17. जाति,संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत,व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश,अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान,माइन-2
32. आश्रय,पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में,अधर में-2,2
3. आफत,आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति,चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम ,आसक्ति-3
13. नीर,जल-2
15. भाग्य,तकदीर-3
17. जंबुल,जांब-3
18. टेंशन,परेशानी-3
20. काया,बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी,रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा,चोंचला-3
27. पूड़ी,गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6243 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6254

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा-मैन्युलाइफ बीमा को मिला निगमन प्रमाणपत्र

**नई दिल्ली।** महिंद्रा ग्रुप और मैनुलाइफ के बीमा संयुक्त उद्यम (जेवी) को कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से निगमन का प्रमाणपत्र मिल गया है। सोमवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, मंजूरी के बाद महिंद्रा मैनुलाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (एमएमआईएल) अस्तित्व में आ गई है। भारत में बढ़ती सुरक्षा खाई को कम करना है।

### सुजुकी मोटरसाइकिल की बिक्री मई में 3 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री मई, 2026 में तीन प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,32,244 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 1,28,897 इकाई थी। कंपनी कि अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री है। बमई, 2026 में घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,10,028 इकाई रही।

### रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 94.95 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 पर रहा। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती और इजराइल-लेबनान के बीच जारी तनाव से निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर भी रुपये पर पड़ा।

### विपुल ऑर्गेनिक्स के मुनाफे में हुई 152 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई।** विशेष रसायन कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 152.56 प्रतिशत बढ़कर 1.97 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 78 लाख रुपये था। कुल राजस्व 19.67 प्रतिशत बढ़कर 52.62 करोड़ रुपये रहा।

### ब्रजेश कुमार केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक नियुक्त




**नई दिल्ली।** सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को केनरा बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। सिंह वर्तमान में इंडियन बैंक में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत हैं और वह के. सत्यनारायण राजू का स्थान लेंगे। के. सत्यनारायण राजू दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे।

# यात्री वाहन बिक्री ने पकड़ी रफ्तार; मारुति, किआ का नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मजबूत प्रदर्शन

मोटर वाहन कंपनियों ने ईंधन कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद मई में मजबूत वृद्धि दर्ज की। इस दौरान मारुति सुजुकी और किआ इंडिया ने रिकॉर्ड बिक्री हासिल की। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को बताया कि उसकी मासिक बिक्री अब तक के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गई, जबकि घरेलू बिक्री मई, 2026 में 1,93,535 इकाई रही जो पिछले साल इसी महीने में 1,38,690 इकाई थी। पार्थो बनर्जी ने बताया कि ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से मांग पर असर पड़ने के बावजूद कंपनी ने समग्र वृद्धि के साथ मजबूत प्रदर्शन किया है।

## मारुति ने मई में रिकॉर्ड 1,93,535 इकाई की बिक्री की

***टोयोटा की घरेलू बिक्री में चार फीसदी वृद्धि :*** *किया इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) अतुल सूद ने कहा कि यह प्रदर्शन बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ उनके उत्पाद खंड के मजबूत तालमेल को दर्शाता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की घरेलू बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर मई में 30,574 इकाई रही, जो पिछले साल 29,280 इकाई थी।*

***महिंद्रा की घरेलू बिक्री में इजाफा :*** *टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की घरेलू बिक्री मई 42 प्रतिशत बढ़कर 59,090 इकाई रही जो पिछले साल 41,557 इकाई थी। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घरेलू बाजार में 58,021 इकाई बेचीं, जो पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने मई, 2026 में घरेलू बिक्री में 9.1 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 47,837 वाहन बेचे।*



**मारुति के कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री बढ़ी :** छोटी कारों (अल्टो और एस-प्रेसो) की बिक्री पिछले साल मई के 6,776 इकाइयों के मुकाबले बढ़कर 16,275 इकाई हो गई। कॉम्पैक्ट कारों (बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर) की बिक्री मई, 2025 के 61,960 इकाइयों के मुकाबले बढ़कर 81,555 इकाई हो गई।

**हुंडई ने मजबूत शुरुआत जारी रखी :** हुंडई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने कहा कि कंपनी ने वर्ष की मजबूत शुरुआत की गति को मई में भी जारी रखा है। किआ इंडिया ने मई, 2026 में 23.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 27,586 इकाई की बिक्री दर्ज की जो कंपनी की अब तक की मई महीने की सबसे अधिक बिक्री है।

### टाटा के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 17 फीसदी बढ़ी

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने मई, 2026 में 6,048 इकाई की बिक्री दर्ज की। हालांकि, कंपनी ने सालाना आधार पर तुलनात्मक आंकड़ा जारी नहीं किया।टाटा मोटर्स की वाणिज्यिक वाहन बिक्री मई में 17 प्रतिशत बढ़कर 32,850 इकाई टाटा मोटर्स की कुल वाणिज्यिक वाहन बिक्री मई में 17 प्रतिशत बढ़कर 32,850 इकाई हो गई। मई, 2025 में यह 28,147 इकाई रही थी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को इसकी मंजूरी दी थी

# बैंकों ने ईसीएलजीएस के तहत छोटे उद्यमों को 35,000 करोड़ रुपए के ऋण किए मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष से प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों और उद्योगों को बैंकों ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत 35,000 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को इसकी मंजूरी दी थी। इस योजना का उद्देश्य 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना है। इसमें मौजूदा वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइन कंपनियों के लिए 5,000 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज मुत्तथिल अयप्पन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 29 मई तक बैंकों ने लगभग 80,000 आवेदनों को मंजूरी दी है। इनमें 35,194 करोड़ रुपये के ऋण शामिल हैं और 15,720 करोड़ रुपये की गारंटी जारी की गई है। उन्होंने कहा, ''चूंकि हमने एक अच्छा लक्ष्य हासिल कर लिया है, इसलिए उम्मीद है कि ग्राहकों को इस योजना से लाभ होगा...। पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और इसे पांच से सात दिन में पूरा किया जा सकता है।''

## एमएसएमई के लिए 100 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज

इस योजना का उद्देश्य नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को एमएसएमई के लिए 100 प्रतिशत और गैर-एमएसएमई के लिए 90 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज प्रदान करना है। यह गारंटी पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अल्पकालिक नकदी असंतुलन से निपटने के लिए पात्र उधारकर्ताओं को दी गई अतिरिक्त ऋण सुविधा के तहत चूक राशि के लिए है।

- खाड़ी संघर्ष से प्रभावित एमएसएमई उद्योगों को मिलेगा कर्ज
- उद्देश्य 2 .55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना
- वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइंस कंपनियां भी शामिल



### योजना को व्यापक रूप से उदार बनाया गया

अयप्पन ने कहा, ''योजना को व्यापक रूप से उदार बनाया गया है, ताकि अधिकतम लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। केवल वे ग्राहक जो 31 मार्च, 2026 तक एसएमए 2 (विशेष उल्लेखित खाता) के तहत हैं, उन्हें योजना से बाहर रखा गया है।'' एसएमए-2 के रूप में वर्गीकृत ग्राहक वे हैं, जिनका ऋण भुगतान (मूलधन या ब्याज) 60 दिन से अधिक और अधिकतम 90 दिन तक बकाया है।

***रोजगार नुकसान को रोकने समय पर नकदी प्रदान करना :*** *योजना का उद्देश्य कंपनियों को बनाए रखने और रोजगार नुकसान को रोकने के लिए समय पर नकदी प्रदान करना है। यह निर्बाध घरेलू उत्पादन को भी बढ़ावा देगा और परिवेश को मजबूत बनाए रखेगा। इस योजना के तहत, बैंक उनकी मौजूदा कार्यशील पूंजी पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण प्रदान कर सकते हैं।*

### *एयरलाइन के लिए अवधि पहले वितरण से सात वर्ष होगी*

*एयरलाइन क्षेत्र के लिए अवधि पहले वितरण की तिथि से सात वर्ष होगी। इसमें दो वर्ष का स्थगन शामिल है। एमएसएमई और गैर-एमएसएमई के लिए यह पहले वितरण की तिथि से पांच वर्ष होगी, जिसमें एक वर्ष का स्थगन शामिल है। फरवरी में शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) और एयरलाइन कंपनियों को भारी वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ईसीएलजीएस को पहली बार मई, 2020 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान आर्थिक संकट को कम करने के लिए पेश किया गया था।*

# जीएसटी संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपए पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार से हुई
- मई 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपए रहा

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात से मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। मई, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था।

घरेलू लेनदेन से मई के दौरान केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। वहीं सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 प्रतिशत रही जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। आयात से आईजीएसटी संग्रह 19.1 प्रतिशत बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। जीएसटी 'रिफंड' 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया।'रिफंड' समायोजित करने के बाद, मई में शुद्ध जीएसटी राजस्व 3.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा।

### वैश्विक व्यवधान के बावजूद यह वृद्धि हुई

जैन ने कहा कि सितंबर, 2025 से दरों में तेज कटौती और पिछले कुछ महीनों में भू-राजनीतिक व्यवधानों के बावजूद यह वृद्धि हुई है। साथ ही, वस्तुओं और सेवाओं के आयात तथा घरेलू खपत में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है जो अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

# सरकार ने अल नीनो से निपटने फसल निगरानी समूह बनाए

■ कृषि मंत्रालय ने खरीफ फसलों पर होने वाले जोखिम कम करने उठाया कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अल नीनो के कारण सामान्य से कम मानसून के पूर्वानुमानों के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि कृषि मंत्रालय ने खरीफ फसलों पर होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए फसल-मौसम निगरानी और संकट प्रबंधन समूह बनाए हैं, साथ ही राज्य सरकारों को एक संकट प्रबंधन योजना भी भेजी है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में, भोजन

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE
सत्यमेव जयते

और उर्वरक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर भी चर्चा की गई। राज्यों से कहा गया है कि वे बीजों का एक प्रतिशत आरक्षित रखें, जिसमें कम और मध्यम अवधि वाली किस्मों पर विशेष जोर दिया जाए।

***हर सोमवार को बारिश को होगा अध्ययन :*** *खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा, ''एक फसल-मौसम निगरानी समूह बनाया गया है, जो हर सोमवार को बारिश के रवैये, बुवाई की प्रगति, जलाशयों की स्थिति, जरूरी चीजों की उपलब्धता, कीटों के प्रकोप और कीमतों के रुझान का अध्ययन करने के लिए बैठक करता है।''*

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा की बिक्री मई में 18.9 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** कृषि मशीनरी एवं निर्माण उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड की ट्रैक्टर बिक्री मई में 18.9 प्रतिशत बढ़कर 12,310 इकाई हो गई। मई 2025 में यह 10,354 इकाई थी। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 11,887 इकाई रही, जो मई 2025 की 9,703 इकाइयों की तुलना में 22.5 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के अनुसार, यह वृद्धि अनुकूल कृषि माहौल, जलाशयों में पर्याप्त पानी और ग्रामीण मांग के बने रहने से संभव हुई। हालांकि, निकट अवधि में उर्वरकों सहित कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी, कुछ नकदी फसलों के नरम दाम और बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियां ग्राहकों की खरीद क्षमता एवं कच्चे माल की उपलब्धता को प्रभावित कर सकती हैं।

### खाड़ी तनाव के बीच सोने की कीमत 2,500 रुपए टूटी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 2,500 रुपये टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के बाद वैश्विक बाजारों में आई गिरावट से यहां भी सोने कमजोर पड़ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,500 रुपये (1.53 प्रतिशत) की गिरावट आई। शुक्रवार को बंद हुई कीमत 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से गिरकर यह 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गयी।

### यूरिया की घरेलू आपूर्ति बढ़ाने दूसरी वैश्विक निविदा जारी



**नई दिल्ली।** वैश्विक कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सरकार ने खरीफ सत्र के लिए घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के उद्देश्य से 17 लाख टन यूरिया के आयात के लिए दूसरी वैश्विक निविदा जारी की है। उर्वरक मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उर्वरक मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यूरिया की वैश्विक कीमत फरवरी में 447 डॉलर प्रति टन से बढ़कर अब 947 डॉलर प्रति टन हो गई है। देश ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के स्रोतों से 25 लाख टन यूरिया और 50 लाख टन डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) हासिल किया है, जिसकी खेप जून-जुलाई में पहुंचने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 508 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



अनिश्चित वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार दबाव में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 508.40 अंक गिरकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 1,164.25 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। निफ्टी भी 165.15 अंक गिरकर 23,382.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### देश के निर्यात में अप्रैल-मई में दहाई अंक में वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-मई माह के दौरान दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि वाणिज्य मंत्रालय भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में जानकारी देने के लिए 1,000 लोगों को नियुक्त करेगा। वाणिज्य मंत्रालय 15 जून को मई के व्यापार आंकड़े जारी करेगा। अधिकारी ने कहा, '' इन दो महीनों के दौरान निर्यात में दहाई अंक में वृद्धि हुई है।'' अप्रैल में निर्यात 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर रहा जो पिछले चार वर्ष में सबसे अधिक मासिक निर्यात है।

## इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट के सामान्य ट्रेडिंग का समय बढ़ाया गया

# शेयर बाजार में बड़ा बदलाव, 10 मिनट बढ़ा ट्रेडिंग का समय

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ अब डेरिवेटिव्स मार्केट शाम 3 :40 बजे तक खुला रहेगा

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शेयर बाजार के कारोबार में बड़ा बदलाव करते हुए इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट के सामान्य ट्रेडिंग समय को बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके तहत ट्रेडिंग की टाइमिंग में 10 मिनट की बढ़ोतरी की गई है। अब डेरिवेटिव्स मार्केट शाम 3:40 बजे तक खुला रहेगा।

एनएसई ने यह भी साफ किया कि डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट के क्लोजिंग प्राइस तय करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं होगा। अब क्लोजिंग प्राइस निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाला वॉल्यूम वेटेड एवरेज प्राइस 3:10 बजे से 3:40 बजे के बीच हुए सौदों के आधार पर तय होगा। बता दें कि पहले डेरिवेटिव्स मार्केट की क्लोजिंग 3:30 बजे तक हो जाती थी। हालांकि, प्री-ओपन सेशन और ट्रेड मॉडिफिकेशन विंडो के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

### सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर अपडेट

एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) को एक नई गति मिलने वाली है क्योंकि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनियों को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च का एक हिस्सा इस प्लेटफॉर्म के जरिए खर्च करने की अनुमति दे दी है। इस बदलाव से गैर-लाभकारी संगठनों के लिए फंडिंग के रास्ते खुलने और सामाजिक प्रभाव वाले इकोसिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत होने की उम्मीद है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुताबिक, हाल में हुए नीतिगत बदलाव से भारत में सामाजिक फंडिंग को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।



### क्लोजिंग ऑक्शन कैसे काम करेगा?

यह सेशन कुल 20 मिनट का होगा। इसमें 3:15 से 3:20 बजे तक ट्रांजिशन फेज रहेगा। 3:20 से 3:25 बजे तक निवेशक मार्केट और लिमिट दोनों तरह के ऑर्डर डाल सकेंगे। 3:25 से 3:30 बजे के बीच सिर्फ लिमिट ऑर्डर की अनुमति होगी और मार्केट ऑर्डर में बदलाव या कैंसिलेशन नहीं किया जा सकेगा।

### एनएसई ने जारी किया सर्कुलर

एनएसई ने एक सर्कुलर जारी किया। इस सर्कुलर में बताया कि कैश मार्केट में क्लोजिंग ऑक्शन सिस्टम शुरू होने के बाद डेरिवेटिव्स मार्केट के समय को भी उसके अनुरूप किया जा रहा है। सर्कुलर के मुताबिक यह कदम क्लोजिंग ऑक्शन सेशन(सीएएस) लागू करने के तहत उठाया गया है। सीएएस शेयर बाजार में दिन के आखिर में होने वाला एक छोटा-सा खास ट्रेडिंग सेशन होता है। इसका मकसद किसी शेयर का फेयर और पारदर्शी क्लोजिंग प्राइस तय करना होता है।

# एलन रायपुर के अथर्व को जेईई-एडवांस्ड में आल इंडिया रैंक-299

**21 एलन रायपुर क्लासरूम स्टूडेंट्स 10 हजार रैंक तक में शामिल**



**रायपुर।** आईआईटी रुड़की की ओर से जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 के रिजल्ट्स में एलन रायपुर स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन रायपुर के क्लासरूम स्टूडेंट अथर्व ठाकुर ने ऑल इंडिया रैंक-299 प्राप्त की है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही एलन में खुशियों के ढोल बज गए। शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और मुंह मीठा करवाया। एलन रायपुर सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि एलन बेहतर रिजल्ट्स के लिए जाना जाता है और अपनी इसी पहचान को कायम रखते हुए एलन ने श्रेष्ठ परिणाम दिए हैं। संस्था के छात्र अथर्व ने रायपुर में टॉप किया। उन्होंने कहा कि बेहतर परिणाम सभी स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स के भरोसे की जीत है। एलन रायपुर में इसी भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार नमन अग्रवाल ऑल इंडिया रैंक 1131, सार्थक मोहरिल ऑल इंडिया रैंक 1703, हर्षित देवांगन ऑल इंडिया रैंक 2308, नमन हिमांशु साहू ऑल इंडिया रैंक 2487, अथर्व शर्मा ऑल इंडिया रैंक 2695, कृष्ण जोभनपुत्र 3417, रोहित परिहार ऑल इंडिया रैंक 3610, सानवी मित्तल ऑल इंडिया रैंक 4196, दिव्यांश यादव ऑल इंडिया रैंक 4447, सोहम गुप्ता ऑल इंडिया रैंक 4465, हासिल किए । अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार टॉप-10 हजार तक की रैंक में एलन रायपुर के 21 स्टूडेंट्स शामिल है और टॉप-15 हजार तक की रैंक में एलन रायपुर के 29 स्टूडेंट्स शामिल हैं। जेईई-एडवांस्ड 2026: एलन का ऐतिहासिक कीर्तिमान एलन के क्लासरूम स्टूडेंट शुभम आल इंडिया टॉपर, टॉप-10 में एलन क्लासरूम से

**6 स्टूडेंट, एआईआर-1, 2, 3 के साथ रचा नया रिकॉर्ड एलन क्लासरूम से टॉप 50 में 24 स्टूडेंट्स :** आल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से, आईआईटी-जेईई के 7 में से 5 जोन टॉपर एलन से ऑनलाइन लाइव कोर्स के यशवर्धन को भारत के सभी आनलाइन प्लेटफार्म में बेस्ट ऑल इंडिया रैंक-52 एलन कोटा से लगातार तीसरे वर्ष आल इंडिया टॉपर कोटा. आईआईटी



रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

**एलन ने अब तक 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए :** इन रिजल्ट्स के साथ एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे है। यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर्स तैयार करने में एलन देश का सबसे सफल और लगातार प्रदर्शन करने वाला संस्थान है।

**शुभम बने ऑल इंडिया टॉपर :** कोटा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एलन के क्लासरूम छात्र शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक (एआईआर)-1 हासिल की। इसके साथ ही एलन ने लगातार तीसरे वर्ष जेईई-एडवांस्ड का ऑल इंडिया टॉपर देने का गौरव प्राप्त किया है। एलन के छात्रों ने शीर्ष रैंकों पर अपना दबदबा कायम रखते हुए कबीर छिल्लर ने एआईआर-2 और जतिन चाहर ने एआईआर-3 हासिल की। संस्थान ने एक बार फिर एआईआर-1, 2 और 3 देने का रिकॉर्ड दोहराया, जो इससे पहले वर्ष 2016 में दर्ज किया गया था। देश की टॉप-10 रैंक में एलन के 6 छात्र शामिल रहे, जबकि टॉप-20 में 12 और टॉप-50 में 24 क्लासरूम छात्र स्थान बनाने में सफल रहे।

# युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी, नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए करती है प्रेरित : कोहली

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक लगाने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने के बाद कहा कि टी20 प्रारूप में अपने खेल को नया रूप देने के लिए उन्हें अपनी सोच में बदलाव करना पड़ा और इस बीच युवा खिलाड़ियों ने भी उन्हें प्रेरित किया। कोहली ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरशद खान के खिलाफ शानदार छक्का लगाकर टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया।

कोहली ने 42 गेंद में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह वही पल है, जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था।' कोहली ने कहा, 'मुझे पता था कि रन-चेज में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है।'

### पूरे टूर्नामेंट में रहा हमारा दबदबा : पाटीदार

अहमदाबाद। आरसीबी ने आईपीएल में अपना दूसरा खिताब उस दिन जीता जब कप्तान रजत पाटीदार अपना 33वां जन्मदिन मना रहे थे, लेकिन इस सुखद संयोग से भी कहीं अधिक वह प्रतियोगिता में अपनी टीम के शुरू से अंत तक के दबदबे से खुश थे। पाटीदार ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत दबाव था। इस साल टूर्नामेंट में हमारे प्रदर्शन की वजह से माहौल काफी शांत रहा। मुझे लगता है कि हमने न सिर्फ अच्छा खेल दिखाया, बल्कि इस साल हमने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा।' उन्होंने कहा, 'हमें पूरा भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हम निश्चित रूप से दूसरा खिताब जीतने में सफल रहेंगे।' पाटीदार ने इसके साथ ही अन्य टीम को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



### विजय जुलूस नहीं निकालेगा आरसीबी

अहमदाबाद। पिछले साल की भगदड़ और 11 लोगों की मौत को ध्यान में रखते हुए आरसीबी ने आईपीएल में लगातार दूसरी खिताबी जीत के लिए विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। आरसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'बेंगलुरु में किसी भी प्रकार का जश्न मनाने की संभावना बहुत कम है। कुछ दिशानिर्देश निर्धारित हैं और हम उनका पालन करना चाहेंगे।' इस बीच बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमंत कुमार सिंह ने कहा, 'हम किसी भी प्रकार के सार्वजनिक समारोह की अनुमति नहीं देंगे। यदि कोई जश्न मनाना चाहता है तो वह घर के अंदर मना सकता है।'

### आरसीबी के प्रशंसकों ने पूरी रात मनाया जश्न

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उत्साही प्रशंसकों ने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की लगातार दूसरी खिताबी जीत का संयमित होकर पूरी रात जश्न मनाया और स्थानीय पुलिस ने भी यह सुनिश्चित किया कि 'विजय उत्सव' बेकाबू न हो जाए। पिछले साल खिताब जीतने के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। उसे घटना को ध्यान में रखते हुए बेंगलुरु पुलिस ने शहर के उन प्रमुख इलाकों में गश्त की, जहां रविवार रात मोटेरा में गुजरात टाइटंस पर आरसीबी की शानदार जीत के बाद प्रशंसक जमा हुए थे। पुलिस की घेराबंदी के बावजूद लोगों ने पूरी रात जश्न मनाया लेकिन इस बार किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी। विजय उत्सव में शामिल एक प्रशंसक ने कहा, 'हमें खुशी है कि आरसीबी ने लगातार दो खिताब जीते हैं, लेकिन फाइनल एकतरफा रहा। हमें उम्मीद थी कि गुजरात टाइटंस कड़ी चुनौती पेश करेगा।' दिल्ली से आए एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं विराट कोहली का प्रशंसक हूं और इसीलिए मैं आरसीबी का समर्थन करता हूं। मुझे खुशी है कि आज रात दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया।' बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी की जीत की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के मुख्य क्षेत्रों के आसपास गश्त शुरू कर दी थी।

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी ने 19 पदक जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।

### टिम डेविड पर जुर्माना, अगले सत्र में एक मैच का बैन

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज टिम डेविड पर आईपीएल के फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के कारण अगले सत्र में एक मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के 30 वर्षीय खिलाड़ी को इस उल्लंघन के लिए दो डिमेरिट अंक दिए गए हैं। इसके साथ ही उनके कुल डिमेरिट अंक बढ़कर पांच हो गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें एक मैच के लिए निलंबित किया गया है।

### आईपीएल 2026 समीक्षा : टाइटन्स ने अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में बनाई पहचान

# आरसीबी और गुजरात का शानदार सफर एमआई-एलएसजी को करना होगा मंथन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक और बेहद सफल सत्र में शानदार प्रदर्शन किया, गुजरात टाइटन्स ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी निरंतरता बनाए रखी लेकिन आईपीएल की दो बड़ी टीम मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। 2026 सत्र के खत्म होने से पहले ही अगले सत्र के लिए बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है और लीग की प्रकृति में यह बात साफ दिखी क्योंकि प्लेऑफ में जगह बनाने वाली टीम का फैसला लीग चरण के आखिरी दिन हुआ। आरसीबी, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद लीग चरण के आखिरी दिन से पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थीं, लेकिन राजस्थान रॉयल्स 24 मई को मुंबई इंडियंस को हराकर चौथी टीम के तौर पर प्लेऑफ में शामिल हो गई, जिसने आखिरी दिन पंजाब किंग्स को बाहर कर दिया।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

18 साल से आईपीएल खिताब का इंतजार कर रही इस फ्रेंचाइजी ने पिछले सत्र में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद अब जीत को अपनी आदत बना लिया है। एंडी फ्लावर और मो बोबाट के नेतृत्व वाले 'थिंक टैंक' ने एक ऐसी चैंपियन टीम तैयार की है, जो मैदान पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। विराट कोहली अपने करियर के इस पड़ाव पर भी युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने के लिए लगातार अपने खेल में नए प्रयोग कर रहे हैं।

### गुजरात टाइटन्स

टाइटन्स ने अपने छोटे से आईपीएल इतिहास में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने पांच सत्र में तीन बार फाइनल में जगह बनाई है, जिसमें अपने पहले ही सत्र में ख़िताब जीतना भी शामिल है। शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ने लगातार रन बनाए। अगर कभी ये खिलाड़ी नाकाम रहे तो मध्यक्रम उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका, जिससे इसी विभाग को वह अगली नीलामी में मजबूत करना चाहेगी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस की कप्तानी वाली इस टीम ने धीमी शुरुआत के बाद इस सत्र में ज्यादा कुछ गलत नहीं किया। हालांकि 'एलिमिनेटर' में वैभव सूर्यवंशी और जोफ्रा आर्चर के शानदार प्रदर्शन के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उनके लिए सकारात्मक चीज प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे तेज गेंदबाजों का उभरकर सामने आना रही।

### राजस्थान रॉयल्स

कप्तान रियान पराग ने खुद यह बात स्वीकार की है कि रॉयल्स को लीग चरण के आखिरी दिन का इंतजार करने के बजाय, उससे काफी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था। उनका अभियान काफी हद तक 15 साल के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर निर्भर था जो अपने पहले पूरे सत्र में 237.30 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

### मुंबई इंडियंस

भारत के कई बड़े सितारों से सजी टीम इस सत्र में सबसे ज्यादा निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली टीम रही। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की चौकड़ी इस सत्र को भुलाना चाहेगी। रोहित शर्मा ने शीर्ष क्रम में ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन चोट की वजह से उनका सत्र प्रभावित रहा।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

दो निराशाजनक सत्र के बाद कप्तान ऋषभ पंत के पद छोड़ने के साथ ही अगले सत्र के लिए टीम में बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले हिस्से में टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही जबकि मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

लगातार दूसरे सत्र में दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल की कप्तानी में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही। यह एक और ऐसा सत्र रहा, जिसमें केएल राहुल ने 500 से ज्यादा रन बनाए लेकिन आखिरी नतीजों के लिहाज से उन रनों की अहमियत नहीं रही। टीम के पास बल्लेबाजी में जरूरी ताकत की कमी थी। गेंदबाजी में भी जरूरी धार नहीं थी।

### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले हाफ में सबसे मजबूत टीम मानी जा रही पंजाब किंग्स ने दूसरे हाफ में लगातार छह मैच हारकर अपने प्लेऑफ में पहुंचने के मौकों को गंवा दिया। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने उनकी कमजोर गेंदबाजी की भरपाई कर दी थी, लेकिन बाद में क्षेत्ररक्षण समेत तीनों ही विभागों में उनका प्रदर्शन गिर गया।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

शुरुआती छह मैच हारने के बाद भी 10 टीम में से सातवें स्थान पर रहकर केकेआर ने अच्छा प्रदर्शन किया। पूरी संभावना है कि अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपना आखिरी सत्र खेल लिया है। टीम को सभी विभागों में संघर्ष करना पड़ा और अब उसे पूरी तरह से नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है।

### चेन्नई सुपर किंग्स

पांच बार की चैंपियन टीम 2023 में खिताब जीतने के बाद से अब तक प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है। रूतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली फ्रेंचाइजी को अब अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

### क्रिकेट

# आईसीसी ने लागू किए नए नियम टी20 में कोच की मैदान में एंट्री

लेग साइड वाइड, डे टेस्ट में पिंक बॉल पर लगी मुहर




एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

अहमदाबाद। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल प्रभावित होने की स्थिति में टेस्ट मैचों में परीक्षण के आधार पर गुलाबी गेंद के इस्तेमाल और 'ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मुख्य कोच को मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से चर्चा करने की अनुमति देने जैसे कई महत्वपूर्ण बदलावों को अपनी वार्षिक बैठक में मंजूरी दे दी। अहमदाबाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में आईसीसी बोर्ड ने भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों के चलते क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का भी फैसला किया।

### नए नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे

अवैध गेंदबाजी एक्शन (चकिंग) पर प्रभावी निगरानी के लिए अब मैदानी अंपायरों को हॉक-आई डेटा तक पहुंच दी जाएगी। नये नियम के मुताबिक, 'अंपायर किसी गेंदबाज के एक्शन की रिपोर्ट करने पर विचार करते समय हॉक-आई आंकड़ों का उपयोग कर सकेंगे।' आईसीसी बोर्ड ने लेग साइड वाइड से जुड़े परीक्षण नियम को स्थायी रूप से अपनाने की भी मंजूरी दे दी है। सभी नए खेल नियम एक अक्टूबर 2026 से लागू होंगे।

### ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मैदान पर जा सकते हैं कोच

आईसीसी ने खेल नियमों में संशोधन करते हुए मुख्य कोच या उनके प्रतिनिधियों को निर्धारित 'ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से रणनीतिक चर्चा करने की अनुमति दे दी है। टी20 क्रिकेट में रणनीतिक टाइम आउट के दौरान कोचिंग स्टाफ के मैदान पर आने की व्यवस्था पहले से लागू है और अब इसी तरह की सुविधा टेस्ट क्रिकेट में भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 15 मिनट के अनिवार्य अंतराल तथा खेल दोबारा शुरू होने पर बल्लेबाजों के तैयार रहने से जुड़े नियमों को भी मंजूरी दी गई है।

### आईजीपीएल राइजिंग स्टार्स संयुक्त 12वें स्थान पर कार्तिक



अल जदीदा। भारत के उभरते हुए गोल्फर कार्तिक सिंह ने आईजीपीएल मोरक्को राइजिंग स्टार्स 2026 के अंतिम दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर संयुक्त 12वां स्थान हासिल किया। आखिरी नौ होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के बावजूद कार्तिक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस बीच थाईलैंड के तानापत पिचैकूल ने बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी सिद्दीकुर रहमान को दो शॉट से हराकर खिताब जीता। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को बरकरार रखा। उन्होंने कुल 9 अंडर का स्कोर बनाया।

### डब्ल्यूटीटी प्रिस्टिना फीडर सीरीज

# 15 साल की दिव्यांशी ने रचा इतिहास, जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ▸▸| प्रिस्टीना



उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया।

भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारुपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है।

# फ्रेंच ओपन : कलिंस्काया पहली बार क्वार्टरफाइनल में, पोटापोवा को हराया



पेरिस। रूस की अन्ना कलिंस्काया ने ऑस्ट्रिया की अनास्तासिया पोटापोवा को 6-4, 2-6, 7-6 (10-7) से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह मुकाबला लगभग 3 घंटे तक चला, जिसमें पोटापोवा निर्णायक सेट में दो बार मैच जीतने की स्थिति में पहुंचकर भी उसे समाप्त नहीं कर सकीं। इसके बाद कलिन्स्काया ने सुपर टाईब्रेकर में 4-1 के घाटे से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज कलिन्स्काया का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल होगा। इससे पहले वह 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी अंतिम आठ में पहुंच चुकी हैं।

### कोबोली ने दूसरी बार बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

पुरुष वर्ग में इटली के फ्लावियो कोबोली ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दसवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली ने अमेरिका के जाचरी स्वजदा को 6-2, 6-3, 6-7 (3), 7-6 (5) से हराकर अपने करियर में दूसरी बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फ्रेंच ओपन में पहली बार अंतिम आठ में पहुंचे इस खिलाड़ी का अब सामना चौथी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और गैर वरीय एलेजांद्रो टैबिलो के बीच होने वाले चौथे दौर के मुकाबले के विजेता से होगा।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक
शाखा- बायरन बाजार, रायपुर (छत्तीसगढ़)
ई-मेल: bom981@mahabank.co.in
मो: 9109010981
91 YEARS

कब्जा सूचना {अचल संपत्ति हेतु नियम-8 (1) के अंतर्गत}

अधोहस्ताक्षरी ने **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पूर्णगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(2), सपठित नियम 8 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित **उधारकर्ताओं :- 1) मेसर्स अग्रवाल इंटरप्राइजेज,** पता - पहली मंजिल, दुकान नंबर 02, समता शॉपिंग प्वाइंट आर्केड, मेन रोड, समता कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 492001. **2) प्रोपराइटर - श्री अमन कुमार अग्रवाल** पिता श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, **जमानतदारों: 1) स्वर्गीय श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल** पति श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, **अपने कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से - श्री अमन कुमार अग्रवाल** पिता श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल एवं **श्री नमन कुमार अग्रवाल** पिता श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल **2) श्री नमन कुमार अग्रवाल** पिता श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, सभी का निवासी पता- आयकर कॉलोनी, न्यू सर्किट हाउस, कटोरा तालाब, सिविल लाइन, वार्ड नंबर 42, रायपुर छत्तीसगढ़-492001, **दिनांक 25.02.2026** को डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें ऋणी को देय नोटिस में उल्लेखित **कुल राशि- रु. 81,75,746.00 (रुपये एक्क्यासी लाख पचहत्तर हजार सात सौ छियालीस मात्र)** + अतिरिक्त ब्याज @ संविदात्मक दर दिनांक 25.02.2026 से प्रभावी + लागत, शुल्क व अन्य खर्चे उपरोक्त उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर जमा करने के लिए कहा गया था। उधारकर्ताओं/ जमानतदारों द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर उधारकर्ताओं/ जमानतदारों एवं आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति को दिनांक **29.05.2026** को प्रतीकात्मक कब्जा में ले लिया है। उधारकर्ताओं/ जमानतदारोंको विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस संपत्ति बाबत् कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के बाबत् किये गये व्यवहार पर **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रायपुर बायरन बाजार शाखा** को देय राशि जो उपर दर्शाया गया है उसके अध्यधीन होगें। उधारकर्ताओं/ जमानतदारों का ध्यान रक्षित संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**बैंक के पास बंधक रखी व प्रतीकात्मक कब्जे में ली गई अचल संपत्ति का विवरण इस प्रकार है :**

**संपत्ति क्रमांक 1)** निष्पादकों/मालिकों के नाम - 1) श्री अमन अग्रवाल 2) श्री नमन अग्रवाल. संपत्ति क्रमांक 1) खसरा नंबर 2/160, प्लॉट नंबर सी-74, प.ह नंबर 05, आरआईसी भिलाई, मौजा अमलेश्वर, तहसील- पाटन जिला- दुर्ग (छत्तीसगढ़) में क्षेत्रफल-1501 वर्गफुट पर स्थित साम्यिक बंधक परिवर्तित भूमि, मालिकाना हक- श्री अमन अग्रवाल पिता श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल एवं श्री नमन कुमार अग्रवाल। सीमाएं:- उत्तर: प्लॉट नंबर सी-73, पूर्व: खुली भूमि, पश्चिम: प्लॉट के लिए सड़क, दक्षिण: प्लॉट नंबर सी-75. **संपत्ति क्रमांक 2)** प्लॉट नंबर एलआईजी -05, खसरा नं 229/80, प.ह नंबर 065, आरआईसी रायपुर 2, लाभांडी, तहसील एवं जिला- रायपुर में क्षेत्रफल-624 वर्गफीट पर स्थित सामयिक बंधक परिवर्तित प्लॉट, मालिकाना हक -श्री अमन कुमार अग्रवाल पिता श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल। सीमाएं :- उत्तर : प्लॉट नंबर एलआईजी 04, पूर्व : कॉलोनी रोड,पश्चिम : प्लॉट नंबर 10,दक्षिण: प्लॉट नंबर एलआईजी 06. **संपत्ति क्रमांक 3)** प्लॉट नंबर एलआईजी -06, खसरा नं 229/79, प.ह नंबर 065, आरआईसी रायपुर 2, लाभांडी, तहसील एवं जिला- रायपुर में क्षेत्रफल- 624 वर्गफीट पर स्थित साम्यिक बंधक परिवर्तित प्लॉट, मालिकाना हक - श्री नमन कुमार अग्रवाल पिता श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल। सीमाएं :-उत्तर : प्लॉट नंबर एलआईजी 05, पूर्व : कॉलोनी रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 10, दक्षिण: प्लॉट नंबर एलआईजी 07.

दिनांक: 02.06.2026, स्थान: रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक

ई-नीलामी विक्रय सूचना
निलामी की तिथि एवं समय :- 08-जुलाई-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
HDFC BANK
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) / (G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | **श्री चौरसिया विशाल गौरीशंकर** एचआईजी 11, दिनदयाल कॉलोनी, खैरागढ़ रोड, चिखली वार्ड क्रमांक 06, राजनांदगांव- 491441. **श्री चौरसिया विशाल गौरीशंकर** स्पर्श ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड, मारुति सुजुकी शोरूम, मनकी रोड के पास, राजनांदगांव - राजनांदगांव - 491441. **श्रीमती चौरसिया भारती विशाल** एचआईजी 11, दिनदयाल कॉलोनी, खैरागढ़ रोड, चिखली वार्ड नंबर 06, राजनांदगांव- 491441. | ₹ 24,15,577/- 28 फरवरी 2025* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की यूनिट- एलआईजी-I-03, क्षेत्रफल 58.50 वर्ग मीटर/629.46 वर्ग फुट, खसरा संख्या 9/1, छ.ग. गृह निर्माण मंडल, दीन दयाल आवास योजना, चिखली, वार्ड-6, प.ह.-39, तहसील एवं जिला राजनांदगांव में स्थित है। जिसकी **चौहद्दी**:-उत्तर में एलआईजी-I-22, दक्षिण में कॉलोनी रोड, पूर्व में एलआईजी-I-02, एवं पश्चिम में एलआईजी-I-04, कुल क्षेत्रफल 58.50 वर्ग मीटर या 629.46 वर्ग फुट है। **लेटिट्यूड- 21.116377, लांगिट्यूड-881.041171.** | भौतिक | ₹28,34,000/- | ₹2,83,400/- / ₹ 5,000/- |
| 2. | **श्री रोक्कम श्रीधर** 558 पंचशील नगर पूर्व, पोस्ट बी.एम.वाई., चरोदा वार्ड 20, भिलाई चरोदा दुर्ग, भिलाई-493441. **श्री रोक्कम श्रीधर** मै. श्री ब्रदर्स इंटरप्राइजेज, 01 ग्राम सांकरा, तहसील धरसीवा, पोस्ट सोंद्रा, रायपुर 492001. **श्रीमती आर रजनी** 558 पंचशील नगर पूर्व, पोस्ट बी.एम.वाई., चरोदा वार्ड 20, भिलाई चरोदा दुर्ग, भिलाई-493441. **श्रीमती आर रजनी** मैसर्स. श्री ब्रदर्स इंटरप्राइजेज, 01 ग्राम सांकरा, तहसील धरसीवा, पोस्ट सोंद्रा, रायपुर 492001. | ₹ 9,23,756/- 31 जनवरी 25* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की यूनिट एल-76, क्षेत्रफल 690 वर्ग फुट है, खाता संख्या 323, खसरा संख्या 88/2, लोटस सिटी, प.ह.नं.-4, रानिमं-भिलाई-3, ग्राम-परसादा, तहसील-पाटन एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ **चौहद्दी**:- उत्तर में प्लॉट संख्या एल-65, दक्षिण में रास्ता, पूर्व में प्लॉट संख्या एल-75 एवं पश्चिम में प्लॉट संख्या एल-77, कुल क्षेत्रफल 690 वर्ग फुट (64.12 वर्ग मीटर) है। **लेटिट्यूड-21.236783 लांगिट्यूड-81.521741.** | भौतिक | ₹12,28,000/- | ₹1,22,800/- / ₹ 5,000/- |
| 3. | **श्री देवांगन जगत राम** जुगनूबाई कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर - 492001. **श्रीदेवांगन जगत राम** श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड, श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड, विल पंडलोई, लपांगा, संबलपुर - 761016. **श्रीमती देवांगन कमला बाई** पत्नी. जगत राम देवांगन, मकान नंबर 494/1, वार्ड नंबर 20 नीम चौक, देवांगन मोहल्लाकुरूद, चांपा - जांजगीर चांपा - 495671. | ₹ 23,07,161/- 31 दिसंबर 24* की स्थिति में | परिवर्तित रिहायशी प्लॉट कंस्ट्रक्शन युक्त क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट, खसरा नं. 15002/1 भाग मौजा कुम्हारी, प्लॉट नं. 667, अविनाश ट्विन सिटी प.ह.नं. 53, रानिमं. अहिवारा एवं तहसील दमधा जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ **चौहद्दी**:-उत्तर में भूमि संख्या 668, दक्षिण में भूमि संख्या 666, पूर्व में भूमि संख्या 1227 एवं पश्चिम में रोड कॉलोनी, भूखंड का क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट (92.90 वर्ग मीटर) है। **लेटिट्यूड- 21.25988** एवं **लांगिट्यूड- 81.536753.** | भौतिक | ₹29,61,000/- | ₹2,96,100/- / ₹ 5,000/- |
| 4. | **श्री चक्रवर्ती कुणाल** मकान नं. 123/पी, पारिजात, मोंगरा, जूही, ब्लॉक बी, तालपुरी, दुर्ग तालपुरी वार्ड 63, भिलाई नगर, दुर्ग - छत्तीसगढ़, पिन - 491001 - भारत। **श्री चक्रवर्ती कुणाल** टाइडल हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, घाटकोपर-पश्चिम, ए-101, घाटकोपर इंडस्ट्रियल एस्टेट, एलबीएस मार्ग, घाटकोपर-पश्चिम मुंबई - 400086. **श्रीमती चक्रवर्ती तृप्ति** मकान नं. 123/पी, पारिजात, मोंगरा, जूही, ब्लॉक बी, तालपुरी, दुर्ग तालपुरी वार्ड 63, भिलाई नगर, दुर्ग - छत्तीसगढ़, पिन - 491001 - भारत। | ₹ 4,77,291/- 31 अगस्त 24* की स्थिति में | फ्लैट-123/O, तीसरी मंजिल, पारिजात अपार्टमेंट्स, स.क्र., ट्विन सिटी तालपुरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आमदी; रुआबन्धा; भिलाई छत्तीसगढ़, कुल निर्मित क्षेत्रफल-365.19 वर्ग फुट (33.94 वर्ग मीटर), **लेटिट्यूड-21.170860, लांगिट्यूड- 81.323730** | भौतिक | ₹5,63,000/- | ₹56,300/- / ₹ 5,000/- |
| 5. | **टीकम श्वेता,** द्वारा कन्हैया लाल टीकम, होटल पूनम कॉम्प्लेक्स, सर्किट हाउस रोड, चांदनी चौक बस्तर, जगदलपुर-छत्तीसगढ़ 494001. **टीकम श्वेता,** मै. श्वेता टीकम, अतिथि होटल के पीछे, शांति नगर, जगदलपुर - छत्तीसगढ़ 494001. | ₹ 27,92,226/- 31 दिसंबर 24* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की रिहायशी फ्लैट/अपार्टमेंट क्षेत्रफल बिल्टअप एरिया-758 वर्गफीट (कारपेट एरिया-711 वर्गफीट) खसरा नं.-148/8, 148/122 एवं 148/23, भाग-मौजा-जगदलपुर, फ्लैट नं.-509, पांचवा तल, ब्लॉक-बी, अविनाश अतुल्य अपार्टमेंट, प.ह.नं.-05, वार्ड नं. 21, राजेन्द्र नगर वार्ड, तहसील जगदलपुर, जिला-बस्तर छत्तीसगढ़ एवं **चौहद्दी**:-उत्तर में रास्ता, दक्षिण में खुला क्षेत्र, पूर्व में फ्लैट संख्या बी 508 एवं पश्चिम में फ्लैट संख्या बी 510, कुल क्षेत्रफल 948 वर्ग फुट। बिल्टअप एरिया 758 वर्ग फुट, कारपेट एरिया 711 वर्ग फुट। **लेटिट्यूड-19.077028, लांगिट्यूड- 82.005616.** | भौतिक | ₹27,30,000/- | ₹2,73,000/- / ₹ 5,000/- |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 16-जून-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :-06-जुलाई -2026, शाम 5.00 बजे के पहले**

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
**ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।**
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.

दिनांक: 02 जून, 2026
स्थान: दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी




# ये है धरती का नर्क, 10 मिनट रहना भी मुश्किल, फिजा में घुली है जहरीली हवा!

**अदीस अबाबा।** पूरे ब्रह्मांड में पृथ्वी ही एकमात्र जगह है जहां जीवन संभव है, लेकिन इस धरती पर भी कुछ इलाके ऐसे हैं जहां इंसान के लिए रहना लगभग असंभव है। इनमें से एक है इथियोपिया का दल्लोल इलाका, जो दानाकिल डिप्रेशन में स्थित है। सोशल मीडिया पर यह जगह खूब वायरल हो रही है। एक ट्रेवल ब्लॉगर ने जान जोखिम में डालकर यहां की सच्चाई दिखाई तो लोग दंग रह गए। दल्लोल को धरती का नर्क कहा जाता है। यहां का तापमान दिन में 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाता है। लेकिन गर्मी से भी ज्यादा खतरनाक है यहां की हवा। जमीन के नीचे से हाइड्रोजन, सल्फर, क्लोरीन और अन्य जहरीली गैसें लगातार निकल रही होती हैं। इन गैसों की वजह से हवा में तेज एसिडिक गंध फैली रहती है, जिसकी वजह से सांस लेना बेहद मुश्किल हो जाता है।

### दिखने में खूबसूरत, लेकिन खतरनाक

अगर यहां की जमीन पर नजर डालें तो ये जगह रंग-बिरंगे खनिजों से भरी हुई है। पीला, हरा, लाल और सफेद रंग का अद्भुत कॉम्बिनेशन दिखता है, लेकिन यह सुंदरता बेहद खतरनाक है। जमीन के नीचे से गैसें फुसफुसाती हुई निकलती हैं और बुलबुले बनाती हैं। पैर रखते ही गर्मी महसूस होती है। सुबह 8 बजे के बाद तापमान इतना बढ़ जाता है कि 10 मिनट भी टिकना मुश्किल हो जाता है। ट्रेवल ब्लॉगर ने बताया कि यहां पहुंचने के लिए बेहद सावधानी बरतनी पड़ती है। गैस मास्क, खास जूते और प्रोटेक्टिव कपड़े जरूरी हैं। फिर भी ज्यादा देर रुकना जानलेवा साबित हो सकता है। कई बार पर्यटक बेहोश होकर गिर जाते हैं। इलाके में कोई स्थायी बस्ती नहीं है। आसपास के लोग भी यहां ज्यादा समय नहीं बिताते. दानाकिल डिप्रेशन पृथ्वी की सबसे निचली जगहों में से एक है।



### धरती का मंगल ग्रह

वैज्ञानिकों के अनुसार यह जगह दूसरे ग्रह जैसी है। नासा के वैज्ञानिक यहां का अध्ययन करते हैं, क्योंकि यह मार्स जैसी परिस्थितियों को दिखाती है। फिर भी कुछ साहसी पर्यटक यहां आते हैं। वे कहते हैं कि दल्लोल का नजारा देखने लायक है, लेकिन जान बचाकर। यहां का लैंडस्केप दूसरे ग्रह जैसा लगता है– रंगीन खनिज, जहरीले तालाब और धुंध भरी हवा। लेकिन, 10 मिनट बाद ही सांस फूलने लगती है और आंखों में जलन होने लगती है। यह जगह दुनिया के सबसे खतरनाक स्थानों में शुमार है।

### पानी भी दुर्लभ और जहरीला

यहां तापमान -40 डिग्री से लेकर 50 डिग्री तक जा सकता है। रात में ठंड पड़ती है लेकिन दिन में नर्क जैसी गर्मी होती है। पानी भी यहां बेहद दुर्लभ और जहरीला है। ट्रेवल ब्लॉगर ने वीडियो में दिखाया कि कैसे जमीन से गैस निकल रही है। दल्लोल की खासियत यह है कि यहां जीवन के कोई सामान्य लक्षण नहीं दिखते। कोई पेड़, घास या जानवर आसानी से नहीं टिक पाते। सिर्फ कुछ खास बैक्टीरिया यहां जीवित रह सकते हैं। वैज्ञानिक इन्हें एक्सट्रिमोफाइल्स कहते हैं। इथियोपिया सरकार अब पर्यटन को नियंत्रित तरीके से बढ़ावा दे रही है। लेकिन सुरक्षा के बिना यहां जाना मना है।

## रोचक खबरें



### अब रेगिस्तान में भी लहलहाएगी फसल चीन ने बनाया अनोखा बैक्टेरिया

**बीजिंग।** चीन अपने अनोखे वैज्ञानिक आविष्कारों के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। अब उसने एक ऐसा कमाल कर दिखाया है जो रेगिस्तानी इलाकों में रहने वाले करोड़ों लोगों की किस्मत बदल सकता है। चीनी वैज्ञानिकों ने एक विशेष प्रकार का बैक्टेरिया विकसित किया है जो रेगिस्तान की रेत को मात्र 10 महीने में उपजाऊ मिट्टी में बदलने में सक्षम है। यह बैक्टेरिया मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों को बढ़ावा देता है, पानी को रोकने की क्षमता बढ़ाता है और पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराता है। प्रयोगशाला टेस्ट में वैज्ञानिकों ने रेतीली मिट्टी पर इस बैक्टेरिया का छिड़काव किया। नतीजा यह रहा कि 10 महीने के अंदर ही मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में ह्यूमस बन गया और उसमें फसल उगाने लायक हो गई। यह खबर उन देशों के लिए बड़ी उम्मीद है जहां बड़े-बड़े रेगिस्तान हैं। भारत में थार रेगिस्तान, अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान, मध्य पूर्व के रेगिस्तानी इलाके और चीन के खुद के गोबी रेगिस्तान में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगर यह बैक्टेरिया बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया तो लाखों हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाया जा सकता है।

### दुनिया का सबसे अनोखा सैलून, जहां धधकते कोयले से काटे जाते हैं बाल

नई दिल्ली। आज के दौर में हेयरकट करवाने के लिए लोग मॉडर्न सैलून का रुख करते हैं। कहीं महंगी मशीनों का इस्तेमाल होता है तो कहीं नए-नए स्टाइल देने के लिए खास उपकरणों का सहारा लिया जाता है। लेकिन जरा सोचिए, अगर कोई आपसे कहे कि एक ऐसी जगह भी है जहां बिना कैंची और बिना ट्रिमर के बाल काटे जाते हैं, तो शायद आपको यकीन न हो. मगर अफ्रीका के एक गांव में आज भी लोग बाल काटने के लिए धधकते 'कोयले' के टुकड़ों का इस्तेमाल करते हैं। यही वजह है कि वहां का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, वायरल वीडियो में किसी आधुनिक सैलून जैसी चमक-दमक नजर नहीं आती। न एयर कंडीशनर, न बड़ी दुकान और न ही महंगे उपकरण। गांव की महिलाएं खुले आसमान के नीचे बैठकर लोगों के बाल संवारती हुई दिखाई देती हैं। पहली नजर में यह दृश्य बिल्कुल नार्मल लगता है, लेकिन जैसे ही बाल काटने की प्रक्रिया शुरू होती है, लोग हैरान रह जाते हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि यहां बाल काटने के लिए न कैंची का इस्तेमाल किया जाता है और न ही ट्रिमर का.









# ताकतवर गांव, लोग जिम को मानते हैं मंदिर

**नई दिल्ली।** आजकल फिटनेस का शौक हर किसी को है। कोई जिम जाकर बॉडी बनाना चाहता है तो कोई खुद को फिट और हेल्दी रखने के लिए घंटों मेहनत करता है। लेकिन क्या, आपने कभी ऐसे गांव के बारे में सुना है, जहां फिटनेस सिर्फ शौक नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी का हिस्सा हो? जहां सुबह की शुरुआत ही दंगल, एक्सरसाइज और भारी-भरकम वर्कआउट से होती हो। दक्षिण दिल्ली का असोला-फतेहपुर बेरी गांव कुछ ऐसा ही है। इस गांव की पहचान सिर्फ इसकी ताकतवर युवाओं से नहीं, बल्कि यहां के अनुशासन और मेहनत से भी होती है। यही वजह है कि लोग इसे 'बाउंसरों का गांव' और 'भारत का सबसे ताकतवर गांव' तक कहने लगे हैं।

### युवाओं के लिए बना प्रेरणा का केंद्र



असोला-फतेहपुर बेरी आज सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि मेहनत और अनुशासन की मिसाल बन चुका है। यहां के युवाओं ने यह साबित कर दिया कि अगर मेहनत और लगन हो, तो गांव में रहकर भी दुनिया भर में पहचान बनाई जा सकती है। यही वजह है कि जेन जेड के बीच भी यह गांव काफी चर्चा में है। फिटनेस, अनुशासन और हार्ड वर्क का यह अनोखा मेल लोगों को खूब प्रेरित कर रहा है।

## हर दूसरे घर से निकलते हैं पहलवान



### बचपन से ही शुरू हो जाती है ट्रेनिंग

इस गांव में बच्चों को छोटी उम्र से ही फिटनेस और पहलवानी के लिए तैयार किया जाता है। यहां के परिवार अपने बच्चों को मोबाइल और टीवी से ज्यादा अखाड़े की तरफ भेजना पसंद करते हैं। गांव के बुजुर्गों का मानना है कि अनुशासन और मेहनत ही इंसान को मजबूत बनाते हैं। यही कारण है कि यहां के युवा सख्त रूटीन को फॉलो करते हैं। असोला-फतेहपुर बेरी के पहलवानों का खानपान भी काफी खास माना जाता है। यहां के युवा ज्यादातर शाकाहारी भोजन लेते हैं और अपने खाने में दूध, दही, घी, सूखे मेवे और प्रोटीन से भरपूर चीजें शामिल करते हैं। गांव के लोग शराब और धूम्रपान जैसी आदतों से दूरी बनाकर रखते हैं। उनका मानना है कि अच्छी बॉडी और मजबूत दिमाग के लिए साफ-सुथरी जीवनशैली बेहद जरूरी है।

### लोग इस गांव को बाउंसर की फैक्ट्री भी कहते हैं

लोग इस गांव को 'बाउंसर फैक्ट्री' के नाम से भी जानते हैं, क्योंकि यहां के ज्यादातर युवा सुरक्षा से जुड़े कामों में लगे हुए हैं। गांव के लगभग हर घर से एक या उससे ज्यादा युवक दिल्ली एनसीआर के नाइट क्लब, होटल, बार और बड़े इवेंट्स में बाउंसर या बॉडीगार्ड के तौर पर काम करता नजर आता है। मजबूत शरीर, फिटनेस और अनुशासन की वजह से यहां के युवाओं की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। कहा जाता है कि साल 1995 में विजय तंवर नाम के पहलवान ने यहां सबसे पहले बाउंसर की नौकरी शुरू की थी. इसके बाद धीरे-धीरे गांव के दूसरे युवा भी इस प्रोफेशन से जुड़ते चले गए।

# बिना सीमा व किनारों वाला रहस्यमयी समंदर, जहां खो जाते थे जहाज



**न्यूयार्क।** कभी आपने सोचा है कि धरती पर ऐसा भी कोई समंदर हो सकता है, जिसकी कोई सीमा ही न हो, न किनारा, न तट, बस चारों ओर फैला अथाह जल? सुनने में यह किसी रहस्यमयी कहानी जैसा लगता है, लेकिन हकीकत इससे भी ज्यादा दिलचस्प है। अटलांटिक महासागर के बीचोंबीच एक ऐसा अनोखा सागर मौजूद है, जिसने सदियों से वैज्ञानिकों और नाविकों को उलझाकर रखा है। खोए हुए जहाजों और रहस्यमयी घटनाओं की कहानियों से घिरा यह सागर आज भी लोगों की जिज्ञासा का केंद्र बना हुआ है। आइए, जानते हैं इस अनोखी जगह की पूरी कहानी।

इस रहस्यमयी जलक्षेत्र को 'सारगासो सागर'कहा जाता है। दुनिया में यह अपनी तरह का इकलौता सागर है, जिसकी कोई स्थायी तटरेखा नहीं है। यह उत्तरी अटलांटिक महासागर के मध्य में फैला हुआ है। पुराने समय में जब समुद्री यात्री यहां से गुजरते थे, तो वे इसे भटके हुए जहाजों का ठिकाना मानते थे। उनका विश्वास था कि यहां का स्थिर जल और तैरती हुई घास जहाजों को जकड़ लेती है, जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

### साफ और गहरा नीला पानी

इस सागर की सबसे अद्भुत पहचान है इसका साफ और गहरा नीला पानी। यहां पानी की पारदर्शिता इतनी अधिक है कि कई मीटर नीचे तक सब कुछ स्पष्ट दिखाई देता है। ऊपर से शांत दिखने वाला यह क्षेत्र अपने भीतर एक बेहद संवेदनशील और अनोखा पारिस्थितिकी तंत्र समेटे हुए है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह जगह समुद्री जीवन के कई अनजाने पहलुओं को समझने की कुंजी हो सकती है।

### चारों ओर से समुद्री धाराओं से घिरा

अब सवाल उठता है कि जब इसका कोई किनारा नहीं है, तो इसकी सीमाएं तय कैसे होती हैं? दरअसल, यह सागर चारों ओर से बहने वाली शक्तिशाली समुद्री धाराओं से घिरा हुआ है। पश्चिम में गल्फ स्ट्रीम, उत्तर में नॉर्थ अटलांटिक करंट, पूर्व में कैनरी करंट और दक्षिण में नॉर्थ अटलांटिक इक्वेटोरियल करंट, ये सभी मिलकर एक विशाल घेरा बनाती हैं। इस घेरे के भीतर का पानी अपेक्षाकृत शांत रहता है, जबकि इसकी सीमाएं समय और मौसम के साथ थोड़ा बदलती रहती हैं।

# रात के अंधेरे में पृथ्वी पर दिखा रोशनी का सांप!



**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष से पृथ्वी का नजारा हमेशा ही रोमांचक होता है। स्पेस स्टेशन से रिकार्ड किए गए वीडियो में कभी शहरों की जगमगाती रोशनी ध्यान खींचती है तो कभी बादलों के बीच चमकती बिजली का अद्भुत नजारा। इस बार नासा के एक अंतरिक्ष यात्री ने आईएसएस से रिकॉर्ड किया गया ऐसा ही वीडियो शेयर किया है, जिसमें रात के अंधेरे में धरती पर लगातार चमकती बिजली और उसके बीच बहती नील नदी का शानदार नजारा रिकार्ड किया है। यह वीडियो अंतरिक्ष से तब शूट किया गया, जब स्पेस स्टेशन पश्चिम से पूर्व की तरफ अफ्रीका के ऊपर से गुजर रहा था। वीडियो की शुरुआत और अंत में बादलों के बीच शक्तिशाली बिजली की चमक दिखाई देती है। लेकिन, इस वीडियो का सबसे खास सीन है अंधेरे महाद्वीप के बीच से गुजरती नील नदी। अंतरिक्ष यात्री जेसिका मीर ने इस वीडियो को अपना पसंदीदा नाइट व्यू बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस टाइमलैप्स में आप शुरुआत और अंत में बिजली के तूफान देख सकते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com